वर्ष : 18 अंक: 61 | ग्वालियर | शनिवार 05 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

# धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबन्दी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में विकसित किया जाएगा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दतिया में शराब बन्दी लागू करने पर हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन






**भोपाल/दतिया,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब ना हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराब बंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अतः प्रदेश में विद्यमान 17 देवस्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराब बंदी लागू करने के लिए आयोजित उनके नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान राम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्री राम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्री कृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव ÷सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः÷ के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से कार्यरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लिए केन बेतवा लिंक परियोजना और चंबल काली सिंध पार्वती लिंक जैसी सौगात प्रदेश को दी है। इसके साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आव्हान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा, और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि शादी विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है। अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई और उनके भविष्य निर्माण पर ध्यान देना ही परिवारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। हर गरीब को रहने के लिए पक्का मकान, हर जरूरतमंद के लिए भोजन की व्यवस्था जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में संचालित सर्वांगीण विकास और जन कल्याण की गतिविधियां राम राज्य के आदर्श के समान है। कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दतिया सहित प्रदेश के अनेक धार्मिक शहरों में शराबबंदी का जो निर्णय लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। शराब की लत के कारण अनेक परिवार परेशानी झेलते हैं।

पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिये मुख्यमंत्री द्वारा न केवल देश में बल्कि विदेशों में जाकर उद्योगपतियों से चर्चा कर प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के सार्थक प्रयास किए हैं। उनके प्रयासों के कारण ही अनेक उद्योगपतियों ने प्रदेश में

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा के दरबार पहुँचे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 अप्रैल को दतिया पधारे। दतिया आगमन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव माँ पीताम्बरा माई के दरबार पहुँचे और पूजा-अर्चना की। उनके साथ प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं

**संक्षिप्त समाचार**



### एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का 87 की उम्र में निधन

**मुंबई,एजेंसी।** एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने ANI को बताया, उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा। मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म उपकार के लिए मिला था। उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

### गाजा में और 2,80,000 लोग हुए विस्थापित : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी।** गाजा में दो सप्ताह पहले युद्ध बढ़ने के बाद से लगभग 280,000 गाजावासी और विस्थापित हुए। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं के अनुसार, इनमें से कुछ को भीड़भाड़ वाले, शेल्टर में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। द यूएन ऑफिस फॉर द कॉर्डिनेशन अफेयर्स (ओसीएचए) के मुताबिक, इजरायली की तरफ से और अधिक विस्थापन आदेश जारी किए गए हैं, जिससे लोगों को सुरक्षा की तलाश में फिर से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा है।

### सीएम योगी से पुष्कर धामी तक, मनोज कुमार के निधन पर गणमान्यों ने जताया दुख, बोलेः 'ये एक युग का अंत'

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर फिल्म जगत के साथ ही राजनीतिक जगत में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शोक जताया। सभी ने उनके निधन को कला और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना। सीएम योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, महान अभिनेता, प्रख्यात फिल्म निर्देशक, पद्मश्री मनोज कुमार का निधन अत्यंत दुःखद तथा कला एवं फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों और उनके प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## बयानबाजी से बचें, बांग्लादेश में हिंदूओं की रक्षा ...यूनुस से मुलाकात में पीएम मोदी की दो टूक



**बैंकॉक ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक की। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार पतन के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता के बांग्लादेश की कमान संभालने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है।

बैठक के बाद, यूनुस के कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर एक द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन और उनके भारत भाग आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंध सहज नहीं रहे हैं। यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार को अल्पसंख्यकों समुदाय पर हो रहे हमलों के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। भारत ने इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ अपनी चिंताओं को बार-बार साझा किया है। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में यूनुस चीन की यात्रा करके लौटे हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद से यूनुस का रवैया चीन के प्रति खासा नरम रहा है। बुधवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने यह संकेत दिया था कि बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की मुलाकात हो सकती है। रोहिंग्या और प्राथमिकता वाले मुद्दों पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने भारत से यह वार्ता (दोनों देशों के नेताओं के बीच) आयोजित करने का अनुरोध किया हैज इस बैठक के होने की पर्याप्त संभावना है।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शनः कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए; यूपी में बिल का समर्थन करने पर नमाजी को पीटा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

## बजट सत्र 2025 में संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड, 17 घंटे से अधिक चली चर्चा : किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट सत्र 2025 के समापन की जानकारी दी। उन्होंने इस सत्र को बेहद उत्पादक बताते हुए कहा कि संसद ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों, अध्यक्षों, स्पीकर और राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ। रिजिजू ने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा ने 17 घंटे और 2 मिनट की लंबी चर्चा के साथ इतिहास रचा। संशोधन विधेयक पर यह चर्चा हुई, जिसने 1981 के 15 घंटे 51 मिनट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4ः02 बजे तक चली। खास बात यह रही कि इस दौरान एक भी व्यवधान नहीं हुआ। रिजिजू ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल होगा।

लोकसभा में भी सत्र बेहद सफल रहा। यहां 13 घंटे से अधिक समय तक रेलवे, ऊर्जा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से जुड़े अनुदानों की मांगों पर चर्चा हुई। वहीं, राज्यसभा में शिक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और गृह मंत्रालय के कामकाज पर विचार-विमर्श हुआ।

रिजिजू ने कहा कि दोनों सदनों में चर्चा के दौरान आलोचना, सुझाव और स्पष्टीकरण का स्वस्थ आदान-प्रदान हुआ, लेकिन कोई स्थगन या व्यवधान नहीं देखा गया। उन्होंने संसदीय टीम के सहयोगियों अर्जुन मेघवान और एल. मोहन, सचिव (संसदीय विभाग) और अन्य अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

रिजिजू ने कहा, हमने नियमों, परंपराओं और प्रक्रियाओं का सम्मान करते हुए संसद का संचालन किया। सरकार की ओर से हम प्रधानमंत्री, सभी दलों के नेताओं और फ्लोर लीडर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

इस सत्र की उत्पादकता की लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति पहले ही सराहना कर चुके हैं। रिजिजू ने इसे दोहराते हुए कहा कि सदस्यों के धैर्य और योगदान से यह संभव हुआ। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवालों के लिए भी समय दिया और कहा कि कोई स्पष्टीकरण चाहिए हो, तो पूछा जा सकता है।

## हां, मैं जुनूनी हूं : संसद में राष्ट्रीय हित की आवाज उठाने पर राघव चड्ढा ने दिया जवाब



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को देश के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रयास करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, सोशल मीडिया पर चेयरमैन जगदीप धनखड़ के साथ बातचीत का एक वीडियो क्लिप पोस्ट किया, जिसका शीर्षक था, हां, मैं जुनूनी हूं। यह पोस्ट गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सामने आए एक प्रकरण से संबंधित है, जब चड्ढा ने अमेरिकी बिजनेस टाइकून एलन मस्क और उनकी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक से जुड़े एक मुद्दे को उठाया। जैसे ही पंजाब के सांसद ने चीजों को संदर्भ में रखना शुरू किया और यूक्रेन में मस्क के कामों के बारे में बताया, तो अध्यक्ष ने मजाक करते हुए उन्हें टोका कि वे हमेशा कोई और क्या कर रहा है इसी बारे में क्यों सोचते रहते हैं। अध्यक्ष ने उनसे यह भी कहा कि उन्हें किसी ऐसी चीज़ पर ध्यान देना चाहिए जो ज्यादा भारतीय हो। इस पर चड्ढा ने जवाब देते कहा, सर, मैं ऐसी हर चीज से पूरी तरह जुड़ा हुआ हूं जो भारतीय हितों और विशेष रूप से भारतीय आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाती है। और यही बात मुझे सदन में लाती है और मैं अपने देश को नुकसान पहुंचाने वाले हर मुद्दे को जोश से उठाता रहूंगा। चड्ढा ने स्टारलिंक द्वारा भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ कथित असहयोग पर प्रकाश डालने से पहले तर्क किया, सर, आप समझ गए होंगे कि मेरा सवाल सिर्फ और सिर्फ भारत के बारे में है।

## वफ संशोधन बिल पर मायावती ने जताई असहमति, कहाः सरकार जल्दबाजी में लाई बिल



**लखनऊ ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने आगे कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है, यह उचित नहीं है और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकार इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर बसपा मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी, अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। ज्ञात हो कि वक्फ बिल लोकसभा से आसानी से पारित होने के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। अब विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाना आवश्यक होगा। इसके पहले केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में वोट किया। हालांकि अभी विपक्षी दल इसका विरोध करके सवाल उठा रहे हैं। इस बिल को पेश करने के बाद दोनों सदनों में लंबी बहस सुनने और देखने को मिली। राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल के पक्ष में जेपी नड्डा ने कहा कि हमें उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि 2013 में इस बिल के लिए जब जेपीसी बनी थी, तब उसमें 13 सदस्य थे। मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य थे। डेमोक्रेसी का मानक यह नहीं है कि हम आपकी ही बात मानें। वाद-विवाद तर्क पर होगा।

# रामनवमीं चल समारोह 06 अप्रैल को, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

## कलेक्टर-एसपी ने व्यवस्थाओं को लेकर दिये निर्देश




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन द्वारा 06 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर शहर में आयोजित चल समारोह के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, श्री राम जन्म महोत्सव समिवि के अध्यक्ष श्री राजेंद्र मित्तल, सचिव श्री सतीश सिंहल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुजीत गर्ग, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल सहित समिति के सदस्य श्री अखिलेश भदौरिया, श्री कृष्णकांत उपाध्याय, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, टीआई श्री सतीश दुबे एवं नगर पालिका श्योपुर के अधिकारी आदि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये के रामनवमीं के अवसर पर किला स्थित श्री रामजानकी मंदिर से स्टेशन रोड स्थित श्री राम तलाई हनुमानजी मंदिर तक निकलने वाले चल समारोह के मार्ग पर साफ-सफाई का कार्य विशेष रूप से कराया जाये तथा मार्ग में चैंबर, नाली आदि खुले हो तो उन्हें ढक कर सुरक्षित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि किला गेट के आसपास भी साफ-सफाई का कार्य कराया जाये। इसके साथ ही रामनवमीं जुलूस के मार्ग पर आवश्यकता अनुसार प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी किये जायें। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने मोती टिकिया के पास खुली डीपी को कवर करने के निर्देश देते हुये कहा कि जुलूस मार्ग पर अन्य ऐसे स्थान हों तो उन्हें चिन्हित कर बैरिकेड लगाकर कवर किया जाये। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन ने कहा कि रामनवमीं के अवसर पर आयोजित जुलूस के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया जा रहा है। इसके साथ ही जूलूस मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जायेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, श्री राम जन्म महोत्सव समिवि के अध्यक्ष श्री राजेंद्र मित्तल द्वारा उपयोगी सुझाव दिये गये तथा श्री मित्तल द्वारा रामनवमीं पर निकलने वाले चल समारोह के मार्ग, सहित शुरू और समापन होने वाले समय तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जुलूस 06 अप्रैल को शाम 04 बजे श्री रामजानकी मंदिर से शुरू होगा। इसके साथ ही समिति के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा कलेक्टर एवं एसपी को रामनवमीं के अवसर पर श्री रामजानकी मंदिर पर आयोजित श्री राम जन्म महोत्सव तथा चल समारोह के लिये आमंत्रण पत्र भी भेंट किया गया।

# नवोदय विद्यालय छात्रों के अभिभावकों ने कलेक्टर से की भेंट

## उपयुक्त समाधान निकालने का दिया आश्वासन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने नवोदय विद्यालय श्योपुर से माइग्रेशन पर उडीसा जाने वाले छात्रों के अभिभावकों से भेंट कर उन्हें उपयुक्त समाधान निकालने का आश्वासन दिया तथा इस मामले में केंद्रिय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के ज्वांइट कमिश्नर श्री ज्ञानेश्वर कुमार से दूरभाष पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि जवाहर नवोदय विद्यालय जेदा श्योपुर के छात्र माइग्रेशन प्रोग्राम के तहत हर वर्ष मालकानगिरी उडीसा के नवोदय विद्यालय में अध्ययन के लिये जाते हैं गत वर्ष मालकानगिरी पढने गये श्योपुर के बच्चों को वहां समस्या होने पर उन्हें वापस श्योपुर बुला लिया गया था। इस वर्ष मालकानगिरी जाने वाले बच्चों के अभिभावकों ने आज कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा से भेंट कर आवेदन सौंपा कि बच्चों को यहीं रखा जाये। इस मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा तत्काल ही प्राचार्य नवोदय विद्यालय श्री केके कटियार को बुलाया गया और उचित समाधान निकालने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रिय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के अधिकारियों से चर्चा की गई। इस संबंध में पत्र भी ज्वांइट कमिश्नर श्री ज्ञानेश्वर कुमार को प्रेषित किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीप नदी के गिर्राज घाट पर श्रमदान



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद के तत्वाधान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्योपुर युवक मंडल द्वारा आज समाजसेवियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नगर पालिका के सहयोग से सीप नदी के गिर्राज घाट पर श्रमदान किया गया।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री दीपचंद रेंगर ,गायत्री परिवार से वरिष्ठ समाजसेवी श्री आदित्य चौहान एवं महात्मा गांधी सेवा आश्रम से वरिष्ठ समाजसेवी श्री जयसिंह जादौन, श्योपुर युवक मंडल के अध्यक्ष श्री राजेश मीणा, श्री अरविंद पाराशर, श्री सुधाकर पचोरी, पानी पेड़ पर्यावरण संकीर्तन यात्रा से श्री राम अवतार शर्मा, सुमित मीना, श्री हंसराज, श्री विनोद बाथम, श्री दीपक बाल्मीकि, श्री नीतेश आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अपने कर्मचारियों का वेतन भुगतान करना समितियों का दायित्व

**श्योपुर ब्यूरो।** सहायक आयुक्त सहकारिता श्री ध्रुव कुमार झारिया ने समितियों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संबंध में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुये जानकारी दी है कि बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था सहकारिता विभाग में पंजीकृत स्वायत्त निकाय हैं तथा इनका स्वतंत्र अस्तित्व है। यह संस्थाएं स्वयं का या शासन द्वारा प्रायोजित व्यवसाय करती हैं। अपने कर्मचारियों को वेतन भुगतान करना संबंधित समिति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिला श्योपुर में 47 बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समितियां कार्यरत हैं जिनमें 200 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी संघ जिला श्योपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की 47 में से 27 समितियों में 02 माह से 12 माह की अवधि का वेतन भुगतान किया जाना शेष है। इन 27 समितियों में से 20 में 06 माह से अधिक का तथा 07 समितियों में 06 माह से कम अवधि का वेतन भुगतान किया जाना शेष है। यह संस्थाएं स्वयं का या शासन द्वारा प्रायोजित व्यवसाय करती हैं। अपने कर्मचारियों को वेतन भुगतान करना संबंधित समिति का दायित्व है।

# आईपीएल क्रिकेट पर मोबाइल के द्वारा ऑनलाईन सट्टा खेल रहे, 02 सट्टेबाजों को पुलिस ने पकड़ा

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया है। उक्त निर्देषों के अनुक्रम में दिनांक 03.04.2025 को थाना डबरा शहर ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत दतिया रोड डबरा न्यायालय के पास में एक व्यक्ति द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा लगाया जा रहा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक (देहात) श्री निरंजन शर्मा द्वारा थाना डबरा शहर पुलिस की टीम को आईपीएल क्रिकेट पर हार जीत का दाब लगाकर सट्टा खेल रहे सटोरिया पर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यषवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को दतिया रोड डबरा न्यायालय के पास मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति मोबाइल चलाता हुआ दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भगाने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम व पता पूछने पर उसने स्वयं को गली नम्बर 01 जवाहर कॉलोनी डबरा जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये व्यक्ति के पास से मिले मोबाइल को खोलकर चेक किया तो उसके ब्राउजर में एक लिंक खुली हुई मिली, जिसके माध्यम से उसके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा लगाया जा रहा था। पुलिस टीम को मोबाइल में एजेन्ट आईडी में 14080/- रूपये के क्वाइन तथा हजारो रूपये का लेनदेन भी मिला एवं तलाषी लेने पर उसकी पेंट की जेब से 500 रूपये नगद मिले। पकड़े गये व्यक्ति से सट्टे के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह उक्त आइडी के माध्यम से हारजीत का दाव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खेलता हूॅ। पूछताछ में पकड़े गये सटोरिया ने बताया कि उसके द्वारा उक्त आईडी दतिया निवासी व्यक्ति से खरीदी है। जिस पर से पुलिस टीम ने पकड़े गये सटोरिये के पास से मिला मोबाइल व 500 रूपये नगद विधिवत जप्त कर उसके खिलाफ थाना डबरा में पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार डबरा पुलिस टीम ने दिनांक 03.04.2025 को ही मुखबिर सूचना पर से बस स्टेण्ड न्यायालय के पास डबरा से अयोध्या कॉलोनी सोसायटी निवासी व्यक्ति को आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा लगाते हुये पकड़ा। जिसके पास से मिले रेड मी कंपनी के मोबाईल में एजेन्ट आईडी खुली हुई मिली , जिसमें 3900 रूपये के क्वाइन हैं तथा मोबाइल में लगाई एवं खाई व टीम सेशन लेजर खुला हुआ था, जिसमें वकाया वैंलेस एवं हारजीत का वैंलेस लिखा हुआ। तलाषी लेने पर उसकी जेब से मिले 500 रुपये नगद मिले।

**बरामद मषरूका:-** दो मोबाईल, एक हजार रूपये नगद, ऑन लाईन क्वाइन 17,980।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल, प्र.आर0 प्रमोद शर्मा, हर्ष कुमार, आर0 मिंटू सिंह परिहार, अविनाश पटसारिया, धीरेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# आंखों के उपचार के लिये 10 हजार की सहायता

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम नीमदा का सहराना ढोढर निवासी श्री कैलाश आदिवासी को आंखों के उपचार के लिए रेड क्रॉस के माध्यम से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता राशि का चेक आंख की बीमारी से पीडित श्री कैलाश की पत्नी को सौंपा गया। श्री कैलाश आदिवासी की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसकी आंखों की रोशनी कम होती जा रही है तथा उसे कम दिखाई पड रहा है। आंखों के उपचार के लिये आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। इसपर



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# फूड सेफ्टी विभाग ने लिये पनीर, मिल्क क्रीम, कैण्डी एवं टोस्ट के नमूने

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ढोढर में श्री कृष्णा डेयरी से पनीर एवं मिल्क क्रीम तथा कैलाशचंद दीपकचंद किराना स्टोर से बच्चों के खाने वाली कैण्डी एवं टोस्ट के सैंपल लिए गए जिन्हें जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री धमेन्द्र जैन ने बताया कि आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ढोढर में श्री कृष्णा डेयरी एवं कैलाशचंद दीपकचंद किराना स्टोर से कुल 04 सैंपल लिये गये हैं। इसके साथ ही ढोढर में संचालित मिष्ठान भंडारों तथा स्नैक्स फूड दुकानों का निरीक्षण करते हुये साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये हैं।




# गुमशुदा की तलाश-पतारसी पर ईनाम घोषित

**श्योपुर ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो के अनुसार गुमशुदा जीतू केवट पुत्र रामबाबू केवट उम्र 19 साल निवासी घूघस की तलाश अथवा पतारसी पर ईनाम घोषित किया गया है। गुमशुदा जीतू केवट के संबंध में सूचना देने पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई 2024 को थाना बीरपुर अंतर्गत सूचनाकर्ता रामबाबू केवट द्वारा निवासी घूघस द्वारा अपने पुत्र जीतू केवट के मछली पकडते समय चंबल नहर के नाले में फिसलकर बह जाने के संबंध में सूचना दी गई थी, जिसपर थाना बीरपुर पर गुम इंसान क्रमांक 03/24 कायम कर जांच में लिया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री जैन द्वारा आदेश पारित किया गया है कि जो कोई भी जीतू केवट ग्राम घूघस को दस्तयाब करवायेगा अथवा उसको दस्तयाब कराने की सूचना देगा उसे 10 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

# मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट बनाये जाने बडौदा में शिविर 08 को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने हेतु बडौदा में 8 अप्रैल को शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर नगर परिषद कार्यालय भवन बडौदा में आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनपद नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिये है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र नही बने है, उन्हें शिविर स्थल पर पहुंचाना सुनिश्चित करे तथा वार्ड प्रभारियों को दायित्व प्रदान करें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् जल कलश यात्रा का हुआ आयोजन

## जल कलश यात्रा के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक




**भिण्ड ब्यूरो।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद भिण्ड द्वारा जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत् जल कलश यात्रा का आयोजन नगर पालिका कार्यालय से गोल मार्केट तक किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ जे.एस. यादव, नगर पालिका भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री भानू भदौरिया, श्री सुनील बाल्मीकि, सीएमओ भिण्ड श्री यशवंत वर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि पानी बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, जल संरचनाओं का संरक्षण करें तथा पानी की एक-एक बूंद को संग्रहित करने में अपना योगदान दें। जल है तो कल है, इसलिए जल के महत्व को देखते हुए वर्षाजल को अधिक से अधिक संग्रहित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। जल संरचाओं को प्रदूषण से बचाएं तथा आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करें। जल का संरक्षण बहुत जरूरी है, जल का अनावश्यक दोहन आने वाले समय में समस्याएं खडी कर सकता है। भूमि का जलस्तर निरंतर घटता जा रहा है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम जल संरचनाओं का संरक्षण करें।

# जिले में 11 लोक सेवा केन्द्रों में नवीन चयनित निविदाकारों द्वारा संचालन प्रारंभ कर दिया गया है

## अधिक शुल्क लेने, आवेदन दर्ज करने से मना करने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181, जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम 9244336334 पर कर सकते हैं

**भिण्ड ब्यूरो।** अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने बताया है कि दिनांक 27 मार्च 2025 से जिले में 11 लोक सेवा केंद्र भिण्ड ग्रामीण/भिण्ड शहरी/ अटेर/मेहगांव/ गोरमी/ गोहद/ मौ/ रौन/ मिहोना/ लहार/ आलमपुर में नवीन चयनित निविदाकारों द्वारा संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। सर्व सम्बंधित आम नागरिकों आवेदकों को सूचित किया जाता है की लोक सेवा केंद्र पर म.प्र. शासन लोक सेवा प्रबंधन विभाग के आदेश दिनांक 13 सितम्बर 23 द्वारा साधारण आवेदन की फीस 20 रूपए है (चालानध्डीओ के अलावा) इसके अतिरिक्त यदि आवेदक को अपने आवेदन की एक प्रतिलिपि चाहिए (आवेदन के साथ समस्त जमा दस्तावेज) तो अतिरिक्त 5 रूपए का शुल्क है। यदि आवेदक सिर्फ दर्ज आवेदन की रशीद लेते हैं और आवेदन की प्रतिलिपि नहीं लेते तो इसके लिए सिर्फ 20 रूपए शुल्क का भुगतान करना होगा। कोई भी केंद्र संचालक बिना आवेदक की सहमति के अतिरिक्त 5 रूपए का शुल्क (प्रतिलिपि हेतु) नहीं लेगा। यदि लोक सेवा केंद्र के ऑपरेटरध्कर्मचारी द्वारा इससे अधिक शुल्क लिया जाता है तो इसकी शिकायत तत्काल ऑनलाइन सीएम हेल्पलाइन (24'7) 181, जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम (प्रातः10 से सायं 06) 9244336334 पर कर सकते हैं। लोक सेवा केंद्र पर आवेदन करने के लिए किसी भी आवेदक को आवेदन पर पटवारीध्आरआई अथवा तहसीलदार अथवा अन्य अधिकारी की टीप लगवाकर जमा करने हेतु वाध्य नहीं किया जा सकता, (कार्यालय कलेक्टर लोक सेवा प्रबंधन विभाग का पत्र दिनांक 13 अगस्त 2024) यह जिम्मेदारी आवेदन ऑनलाइन दर्ज होने उपरांत लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सम्बंधित प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय की है, आवेदक द्वारा लोक सेवा केंद्र को आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर तत्काल आवेदक का आवेदन ऑनलाइन दर्ज करने उपरांत रशीद उपलब्ध करवानी होगी जिसमें टारगेट डेट एवं अन्य जानकारी होगी। यदि लोक सेवा केंद्र द्वारा बिना टीप के आवेदन दर्ज करने से मना किया जाता है अथवा आवेदन के बाद तत्काल रशीद उपलब्ध नहीं करवाई जाती है तो इस स्तिथि में आवेदक इसकी शिकायत तत्काल ऑनलाइन सीएम हेल्पलाइन (24'7) 181, जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम (प्रातः10 से सायं 06) 9244336334 पर कर सकते हैं। इस तरह की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बंधित लोक सेवा केंद्र पर आरएफपी के विरुद्ध केंद्र संचालन हेतु नियमानुसार अर्थदण्ड आदि की कार्यवाही की जायेगी।

# थाना डबरा सिटी पुलिस ने एक शातिर चोर को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी की चार मोटर सायकिलें की जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के परिपालन में की जा रही कार्यवाही के दौरान ग्वालियर पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 23.03.2025 को थाना डबरा शहर के रेलवे स्टेशन से चोरी गई मोटरसाईकिल के साथ एक वाहन चोर को पिछोर पुल डबरा के पास देखा गया है। उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा को पुलिस टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर वाहन चोर के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा शहर श्री यशवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को पिछोर पुल डबरा पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति मोटर सायकिल लिये खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल से भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर मय मोटर साइकिल के पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं निवासी काशीपुर थाना जौरा जिला मुरैना का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये संदिग्ध के पास से मिली मोटर साइकिल के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त मोटर साईकिल डबरा के रेलवे स्टेशन से चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा मौके से मिली उक्त चोरी की मोटर साईकिल को विधिवत जप्त कर वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये वाहन चोर से अन्य वाहन चोरियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ करने पर उसके द्वारा थाना डबरा, चीनौर, बिलौआ, आंतरी थाना क्षेत्र से भी अन्य वाहन चोरियां करना बताया। जिसकी निशादेही पर थाना डबरा देहात से दिनांक 27.02.2025 को चोरी गई मोटरसाईकिल सहित थाना क्षेत्रों से चोरी की गई कुल 03 मोटरसाईकिलों को भी बरामद किया गया है। थाना डबरा शहर पुलिस द्वारा उक्त वाहन चोर से विस्तृत कर अन्य चोरी की मोटर सायकिलों को बरामद करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**जप्त मोटर सायकिल:-** चोरी की 04 मोटर सायकिल कुल जप्त मशरूका कीमती लगभग 03 लाख रूपये।

**सराहनीय भूमिका :-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरी0 यशवंत गोयल, उनि0, सुरेश कुशवाह सउनि0 गंगा सिंह गुर्जर, प्र.आर0 रामबरन सिंह लोधी, आर0 वंदी पुरी की सराहनीय भूमिका रही।



# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भिण्ड के द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों के स्वरोजगार हेतु 64 प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

## पंजीयन की अतिम तिथि 11 अप्रैल रहेगी

**भिण्ड ब्यूरो।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भिण्ड द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों हेतु 30 दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, सिलाई एवं ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण एवं अन्य 64 प्रकार के प्रशिक्षण शीघ्र प्रारम्भ किये जा रहे है। इस हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 निंधारित है कृपया अतिशीघ्र पंजीयन करवाएं एवं प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त करें। जिससे बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित होकर पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत बीपीएल कार्डधारक/स्व सहायता समूह परिवार के सदस्य/ मनरेगा जॉबकार्ड धारी शिक्षित युवक-युवतियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां जो कि उपरोक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि वह प्रशिक्षण हेतु निःशुल्क पंजीयन के लिए शीघ्र अतिशीघ्र कार्यालय सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बस स्टेण्ड के सामने, जिला पशु चिकित्सालय परिसर, भिण्ड में सम्पर्क कर सकते है।

# पुस्तक मेलो का तीन दिवसीय आयोजन कल से

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में तीन दिवसीय पुस्तक मेलो का आयोजन कल 5 अप्रैल से किया जा रहा है। यह पुस्तक मेले श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय कन्या उमावि विद्यालय श्योपुर, कराहल विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कराहल तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित होंगे। इन मेलो के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तके अथवा अन्य अध्ययन तथा स्कूल सामग्री का क्रय स्वैच्छा से कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग ने बताया कि प्रथम चरण के पुस्तक मेलो का आयोजन उक्त तीनो स्थानों पर 5 से 7 अप्रैल तक किया जा रहा है। इसके उपरांत द्वितीय चरण में पुस्तक मेलो का आयोजन उक्त स्थानों पर 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि पुस्तक मेलो में सभी विद्यालय में संचालित पाठ्य पुस्तके तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। उन्होने अभिभावको से अपील की है कि पुस्तक मेले के माध्यम से अपने बच्चो के लिए किताबे, गणवेश तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री का क्रय अपनी स्वैच्छानुसार किसी भी स्टॉल से कर सकेंगे।

# नशा मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों के लिये वार्षिक कैलेण्डर बनाएँ : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश, नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई पर दिया जोर




**ग्वालियर।** नशा मुक्त भारत अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये गतिविधियों का एक वर्षीय कैलेण्डर तैयार करें। साथ ही सभी गतिविधियों को इस प्रकार से अंजाम दें, जिससे सार्थक परिणाम सामने आएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में लिप्त तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि कार्रवाई के साथ-साथ नशे के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम भी प्रभावी ढंग से चलाए जाएं। श्रीमती चौहान ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत होने वाली कार्रवाई की हर माह चौथी टीएल बैठक में समीक्षा की जायेगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निर्देश दिए कि ग्वालियर शहर सहित जिले में ऐसे स्थलों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करें, जहाँ पर अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री की जाती है। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं के आसपास विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। साथ ही सहायक आबकारी आयुक्त को निर्देश दिए कि महाविद्यालयों के समीप स्थित ढाबों पर छापामार कार्रवाई कर यह सुनिश्चित करें कि यहाँ पर अवैध रूप से बीयर व शराब की बिक्री न हो। उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी विभाग के अमले को नार्कोटिक्स विंग से संबंधित प्रशिक्षण भी दिलाया जाए, जिससे विभागीय अमला नार्कोटिक्स से संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिये मजबूत प्रकरण तैयार कर सकें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यह भी निर्देश दिए कि मेडीकल स्टोर से बगैर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ऐसी दवायें न बिकें जिनका उपयोग नशे के लिये किया जा सकता है। इसके लिये ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा लगातार मेडीकल स्टोरों की जांच की जाए। उन्होंने तम्बाकू नियंत्रण के जिला नोडल अधिकारी को भी सार्वजनिक स्थल पर तम्बाकू, गुटखा व सिगरेट का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार अर्थदण्ड की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नशा मुक्ति अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी फोटोग्राफ सहित निर्धारित एप पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग को छात्रावासों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निरंजन शर्मा, प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री नरेश गुप्ता, सहायक आबकारी आयुक्त श्री राकेश कुर्मी तथा समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

**ड्रग्स के लिहाज से हॉट स्पॉट चिन्हित कर लगातार कार्रवाई पर जोर**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा ग्वालियर सहित सम्पूर्ण जिले में ऐसे हॉट स्पॉट चिन्हित करें जहाँ पर नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोग अक्सर पकड़े जाते रहे हैं। इन हॉट स्पॉट पर लगातार छापामार कार्रवाई कर दोषियों को जेल भेजें। उन्होंने कहा ऐसी मैपिंग भी करें कि किस क्षेत्र में किस प्रकार के नशा करने वाले अक्सर पकड़े जाते हैं, जिससे इन क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा सके।

**व्यापक स्तर पर चलाएँ जन जागरूकता गतिविधियाँ**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिये व्यापक स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियां चलाई जाए। उन्होंने खासतौर पर महाविद्यालयों, आठवीं कक्षा से ऊपर के स्कूलों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशे के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिये कहा। साथ ही शिक्षण संस्थाओं में नशे के दुष्प्रभावों पर केन्द्रित निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगितायें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त आबकारी से कहा कि इन सभी स्थलों पर शराब से होने वाले नुकसान पर केन्द्रित बैनर भी लगवाएं। जन जागरण गतिविधियों में खिलाड़ियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने सहायक आबकारी आयुक्त से कहा कि 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को मदिरा नहीं दी जा सकती। जिले की सभी मदिरा दुकानों को इस बात के लिये स्पष्ट रूप से ताकीद कर दें।

**धर्म गुरूओं के माध्यम से लोगों को दिलवाएँ नशा न करने का संकल्प**

विभिन्न धार्मिक आयोजनों में धर्म गुरूओं के माध्यम से लोगों को नशा न करने का संकल्प दिलवाने के लिये भी कलेक्टर ने कहा। उन्होंने कहा कि संतजनों व धर्मगुरूओं द्वारा दिलाए जाने वाले संकल्प को लोग मानते हैं, इसलिये इस काम को प्रमुखता से कराएं।

# कायाकल्प योजना से शहरी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जारी : मंत्री श्री कुशवाह

## मंत्री श्री कुशवाह ने वार्ड-39 में कन्याओं से कराया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**ग्वालियर।** शहरों के विकास को गति देने के लिये चलाई जा रही कायाकल्प योजना से पिछड़ी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी बस्तियों के विकास के लिये कायाकल्प योजना के तहत लगातार धनराशि उपलब्ध करा रही है। यह बात उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-39 में विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। उन्होंने स्थानीय कन्याओं से इन विकास कार्यों का भूमिपूजन कराया। मंत्री श्री कुशवाह ने शुक्रवार को वार्ड-39 के अंतर्गत ढोलीबुआ पुल के समीप स्थित विभिन्न गलियों में लगभग एक करोड़ पाँच लाख रूपए की लागत से डलने जा रही पेयजल लाइन एवं सीसी रोड़ के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में उन्होंने एबी रोड बजरिया में 12 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन भी कराया। इस अवसर पर जीडीए के पूर्व अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह राजपूत, पार्षद श्रीमती अंजली राजू पलैय, पार्षद श्री मोहित जाट तथा सर्वश्री सत्यपाल जादौन, अलबेल सिंह घुरैया व श्री राकेश माहौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण



**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषालय का कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। नया वित्तीय वर्ष आरंभ होने के बाद किए गए इस निरीक्षण में उन्होंने कोषालय के स्ट्रांग रूम सहित अन्य विभाग द्वारा वित्तीय लेनदेन से संबंधित प्रक्रिया देखी। उन्होंने कोषालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी श्री अरविंद शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले वालों को हटाया, किया सामान जब्त



**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सिंघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज प्राप्त शिकायत के आधार पर जनकगंज हॉस्पिटल के सामने मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले वालों को जप्त कर मदाखलत कार्यालय भेजा गया।

साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि निर्धारित सीमा के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे । उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह एवं दल (दक्षिण) उपस्थित रहा।

# सभी बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने की बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा

**भोपाल।** सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जायेगी। यह कार्यवाही समय-सीमा में पूरी करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शुक्रवार को मंत्रालय में बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

**टारगेट ओरिएंटेड करें कार्य**

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूरे वर्ष का टारगेट तय करें और उसी अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मैं त्रैमासिक समीक्षा करूंगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जायेगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जायेगी।

**जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जनरेशन कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी का नया ओ.एस. (संगठनात्मक संरचना) स्वीकृत हो चुका है। अतः भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने बिजली कंपनियों द्वारा गत वित्तीय वर्ष में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिये बधाई भी दी। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी कंपनियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें एक समान होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा होना चाहिए। ऐप के माध्यम से कर्मचारी ईपीएफ की जानकारी ले सकते हैं।

**पीएम जन-मन और धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा करें**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसमें 17 हजार 739 घरों में विद्युत कनेक्शन दिये जा चुके हैं। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। न्यायालयीन प्रकरणों में सरकारी पक्ष मजबूती से रखें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें। उन्होंने आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि हम सब अधिकारी-कर्मचारी होने के साथ ही एक नागरिक भी हैं। अतः हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसका निर्वहन निष्ठा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष एक लाख पौधे लगाये गये थे, इनकी सुरक्षा की चिंता करें। साथ ही आगामी बरसात में पौध-रोपण की कार्ययोजना भी बना लें। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 अप्रैल तक नये वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना अनिवार्य रूप से बना लें। बैठक में एमडी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी श्री अविनाश लवानिया, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री क्षितिज सिंघल, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री अनूप सिंह, एमडी जनरेशन कंपनी श्री मंजीत सिंह और एमडी ट्रांस्को श्री सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 5 अप्रैल को

**ग्वालियर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 5 अप्रैल को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित होगी। बैठक में प्रधानमंत्री मिशन लाईफ का प्रजेंटेशन होगा। साथ ही वन विभाग में लंबित विभिन्न विकास कार्यों की अनुमति से संबंधित प्रस्ताव, रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना उन्नयन कार्य, एमपीआरडीसी, सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग की समीक्षा होगी। इसके अलावा केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जायेगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अल्प प्रवास पर हुआ ग्वालियर आगमन

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुक्रवार को अल्प प्रवास (ट्रांजिट विजिट) पर ग्वालियर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दिन दतिया एवं अशोकनगर जिले में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद अपरान्ह लगभग 5 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचे। यहाँ से उन्होंने विमान द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली के लिये प्रस्थान किया। विमानतल पर पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

**भोपाल।** केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है, कुछ प्रेस संगठनों द्वारा प्रेस-परिषद शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है। सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद शब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(द्वद्व) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सचिवालय ने प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस परिषद शब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है। सचिवालय का निर्देश है कि यदि कोई स्थानीय, निजी अथवा सरकारी संगठन इस नाम का दुरुपयोग करता है, तो उनके पंजीकरण को निरस्त किया जाए अथवा उसमें आवश्यक सुधार किया जाए। सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रेस परिषद ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखना और प्रेस की स्वतंत्रता व मानकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# थाना हजीरा पुलिस ने लाइन न0-03 स्थित घर में बेचने के लिये रखी अवैध शराब की जप्त

## पुलिस टीम ने मौके से विभिन्न प्रकार की अवैध शराब कीमती लगभग 45,750/- रूपये, एक फ्रिज व एक एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल जप्त किया।




**ग्वालियर।** दिनांक 04.04.2025 - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब तथा अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 03.04.2025 को हजीरा पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि लाइन न0-03 हजीरा में स्थित एक मकान में दो व्यक्ति मिलकर अवैध शराब का धंधा कर रहे हैं उसी घर पर इन दोनों ने अवैध शराब बेचने के लिये इकट्ठा कर रखा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/ यातायात/ अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे द्वारा थाना हजीरा पुलिस की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक षिवमंगल सिंह सेंगर के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान लाइन नम्बर 03 स्थित मकान के पास जाकर देखा तो एक व्यक्ति घर के गेट के पास वियर की कैन का डिब्बे का पैकेट लिये दिखा जो पुलिस को देखते ही डिब्बे को फेंककर घर के अंदर की तरफ भाग गया। पुलिस टीम ने घर के अंदर उसका पीछा किया तो उक्त व्यक्ति सीडियों से ऊपर चढ़कर मकान के पीछे की तरफ छत से कूदकर गलियों में से होकर फरार हो गया। पुलिस टीम ने घर में रह रहे अन्य किरायेदारों से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि भागने वाले व्यक्ति को यह मकान उसके दोस्त ने शराब बेचने के लिये दे रखा है और उसने किचिन में अवैध शराब का भंडारण करके रखा हुआ है। पुलिस टीम ने किचिन में जाकर देखा उसमें तीन प्लास्टिक के कट्टे रखे मिले, जिन्हे खोलकर देखा तो उसमें 330 क्वाटर प्लेन देषी शराब के रखे मिले। किचिन में रखे फ्रिज को खोलकर देखा तो उसमें किंग फिशर वीयर के 25 कैन, बोल्ट वीयर के 56, ब्लैक फोर्ट वियर की 21 कैन भरी हुई मिली तथा किचिन के पटिये पर अंग्रेजी शराब रायल चेलेंज शराब की 02 बोतल, रायल स्टेज की 06 हाफबोतल शराब रखी हुई मिली, उसके पास ही तीन प्लास्टिक की कैन में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब (लगभग 20 लीटर) भरी हुई मिली, प्लास्टिक की कैनों में शराब को नापकर बेचने के लिये कीप (कुप्पी) मय पाइप लगी हुई थी। पुलिस टीम को मौके पर से एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल भी मिला।

पुलिस टीम ने उक्त शराब तस्कर के द्वारा भागते समय जिस डिब्बे को फेंका था उसे खोलकर चेक किया तो उसमें 06 वियर वोल्ट कम्पनी रखी हुई मिली। ग्वालियर पुलिस पुलिस टीम को मकान में मिले किरायेदार द्वारा बताया गया कि मकान मालिक भी दिन में आकर शराब बेचने से सम्बंधित धंधा करता है। पुलिस टीम ने मौके से मिली विभिन्न प्रकार की अवैध शराब कीमती लगभग 45,750/- रूपये, एक फ्रिज व एक एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल विधिवत जप्त किया गया। थाना हजीरा पुलिस ने मौके से फरार शराब तस्कर व मकान मालिक के खिलाफ अप0क्र0-138/25 धारा 49(ए),34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके से फरार शराब तस्कर एवं मकान मालिक की तलाष उनके घर पर की गई तो वह घर पर उपस्थित नही मिले, जिनकी तलाष थाना हजीरा पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। उक्त प्रकरण में फरार शराब तस्कर के खिलाफ पूर्व से थाना हजीरा में कुल 04 आबकारी एक्ट के प्रकरण तथा आरोपी मकान मालिक के खिलाफ पूर्व से थाना हजीरा, ग्वालियर व पड़ाव में कुल 09 आबकारी एक्ट सहित मारपीट, गाली गलौज के प्रकरण पंजीबद्ध होना पाये गये हैं। थाना हजीरा पुलिस द्वारा फरार दोनों अरोपियों के खिलाफ उनकी जमानत निरस्ती की भी कार्यवाही की जा रही है।

**जप्त मषरूका:-** विभिन्न प्रकार की अवैध शराब कीमती लगभग 45,750/- रूपये, एक फ्रिज व एक एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग 65,750/- रूपये।

**सराहनीय भूमिका:-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हजीरा निरी0 षिवमंगल सिंह सेंगर, उनि0 अशोक सिंह तोमर, प्र.आर0 अनिल गुप्ता, आर0 विजय शंकर राठौर, अखिलेश छारी (मुख्य भूमिका), आर0 करन चौरसिया, संदीप जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# सभापति श्री तोमर ने अवाडपुरा सामुदायिक भवन एंव नाले का किया निरीक्षण



**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने अवाड़पुरा सामुदायिक भवन एवं नाले का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने अवाडपुरा में बन रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद अवाडपुरा नाले का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले की नियमित सफाई कराई जाए तथा जहां भी नाला निर्माण होना है वहां के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

# जिले में घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था से गांवों की बदलती तस्वीर




**रीवा ।** स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले कचरे के समुचित प्रबंधन एवं निष्पादन हेतु जिले में गांव-गांव में नाडेप एवं कचरा संग्रहण केन्द्र का निर्माण कर एक ओर जहां गांवों को कचरा मुक्त स्वच्छ गांव का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर घरों से निकलने वाले कचरे का सही निस्तारण कर कचरे से कंचन, अर्थात कचरे को आमदनी का जरिया बनाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर के निर्देशन में जिले की पडरी, बडी हर्रई, जनकहाई, भनिगवां, बीरपुर, महसांव, बजरंगपुर, नौबस्ता, बरहुला सहित कई गांवों में कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। गांवों में कचरा संग्रहण का कार्य स्वसहायता समूहों के माध्यम से कराया जा रहा है। समूह एवं ग्राम पंचायत के मध्य अनुबंध निष्पादित कर कचरा संग्रहण के कार्य को मूर्त रूप दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित समूह को साइकल रिक्शा अथवा कचरा गाडी उपलब्ध कराई गई है जिसके माध्यम से समूह की महिलाएं डोर-टू-डोर कचरा संग्रह करती हैं। गांव से एकत्र होने वाले कचरे को समूह द्वारा कचरा पृथक करण केन्द्र में ले जाया जाता है तदुपरांत वहां कचरे को अलग अलग किया जाता है इसके बाद उस कचरे को कबाडी को बेच दिया जाता है। इस कार्य से समूह की महिलाओं की आय में भी बढोतरी हुई है। समूह की महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण के साथ-साथ घरों से स्वच्छता कर वसूलने का कार्य भी किया जा रहा है ताकि ग्राम पंचायत स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिये आत्म निर्भर रह सके। ग्रामीण अंचल में लोग अपने गांव को साफ सुथरा करने के लिये आगे आ रहे हैं साथ ही इनसे प्रेरणा लेकर अन्य गांव के लोग भी स्वच्छता में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

## संपादकीय

# देश में 13 नये अरबपति

अरबपतियों की संख्या के मामले में अब भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक देश में 284 अरबपति हैं। इस साल इसमें देश में 13 नये अरबपति शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार देश के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति 10 फीसद बढ़कर 98 लाख करोड़ रुपये या देश की जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद का एक-तिहाई हो गई है। भारत ने प्रत्येक अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया। बीते साल 175 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की कुल नेटवर्थ में कमी आई या वह स्थिर है। गौतम अडाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक इजाफा हुआ, जो तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में सबसे अधिक 90 अरबपति हैं। इनमें भी शीर्ष दस में पांच अरबपति देश के अरबपतियों की राजधानी यानी मुंबई से हैं। दो राजधानी दिल्ली से व बेंगलूर, पुणो व अहमदाबाद से एक-एक हैं। पूंजीपतियों की औसत दौलत 34,514 करोड़ रुपये व उम्र 68 साल आंकी गई है। सूची में 22 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका की तुलना में भारत व चीन काफी पीछे हैं। जहां 870 अरबपति हैं। देश में अरबपतियों की दौलत सालाना 10 फीसद बढ़ी, जबकि अमेरिका में यह बढ़त 27 फीसद रही। दुनिया में कुल 3,442 अरबपति हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर पहुंचने व पारिवारिक कारोबार में तेजी आने का अप्रत्यक्ष लाभ कुछ हद तक सबसे पिछली कतार में बैठे वर्ग तक पहुंचने की भी उम्मीद की जाती है। ये कारोबार फार्मास्यूटिकल्स, एजूकेशन, टेकनॉलाजी, फूड डिलीवरी आदि में विशेष तौर पर कारगर हैं। जाहिरा तौर पर इन सबमें आम आदमी को रोजगार के अवसर बढ़ते ही जाने की संभावनाओं से मना नहीं किया जा सकता। हालांकि धन विभाजन तथा मुनाफाखोरी के दृष्टिकोण से इसकी आलोचना की जानी भी गलत नहीं है। क्योंकि अरबपतियों के बढ़ते जाने के बावजूद दुनिया से गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी पर लगाम कसने के जमीनी स्तर के प्रयास नाममात्र हुए हैं। संयुक्त तौर पर एक ट्रिलियन डॉलर वाले सभी भारतीय अरबपतियों का दायित्व है कि वे अपने मुनाफे को बांटने के मार्ग प्रशस्त करने में उदारता दिखाएं ताकि इस संपन्नता से समूचा देश लाभान्वित हो सके।

# अमेरिकी टैरिफ की मार, हम हैं कितने तैयार

(भूपेन्द्र गुप्ता-विनायक फीचर्स)



चुनाव जीतते समय ही अमेरिकन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वे रैसिप्रोकल टैरिफ उन देशों पर ठोकेंगे जिन्होंने हमारे देश पर भारी भरकम टैरिफ लगा रखे हैं। भारत को ट्रंप ने आगाह भी किया था लेकिन भारत के सही तरह नेगोशिएशन ना कर पाने के कारण अंततः 26 परसेंट रैसिप्रोकल टैरिफ ठोक दिया है । भारत पर इससे जबरदस्त प्रभाव पड़ने वाले हैं । हमारा अमरीका के लिए कुल एक्सपोर्ट लगभग 74 बिलियन डॉलर है इसमें लगभग 7 बिलियन डॉलर की कमी इन ताजा फैसलों से आ सकती है ।भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री लगभग 9.6 बिलियन डॉलर, ऑटो इंडस्ट्री 2.6 बिलियन डॉलर, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री लगभग 14 बिलियन , जनरल आईटम 8 बिलियन तथा आभूषण 9 बिलियन डालर का ट्रेड करते हैं। अमरीका एक मात्र देश है जहां हम निर्यात में ट्रेड सरप्लस देश हैं।लगभग 46 बिलियन डालर का हमारा ट्रेड सरप्लस है। दस फीसदी के बेसिक टेरिफ के अलावा अमरीका ने 26फीसदी अतिरिक्त रेसीप्रोकल यानि जैसे को तैसा टैरिफ भारत पर लगा दिया है। ट्रंप सरकार के इस फैसले से भारत के सामने मिश्रित चुनौतियां खड़ी हो गई हैं । भारत के आभूषण एवं हीरा उद्योग,वस्त्र ,इलेक्ट्रानिक उद्योग ,तकनीकी सेवा तथा आटो सेक्टर के कठिनाई के दिन शुरू हो सकते हैं।इन उत्पादों को प्रति स्पर्धा में टिकने के लिये कीमतें घटाना होंगीं,खर्चे घटाना होंगे, जिसका सीधा असर नौकरियों पर पड़ेगा। मांग घटने से उत्पादन घटाना होगा अन्यथा नये बाजार खोजने होंगे या देश के अंदर ही खपत बढ़ाने के उपाय करने होंगे। डालर की कीमतों के कारण भारतीय मुद्रा वैसे भी दबाव में है जिससे आयात मूल्य बढ़ रहे हैं,इसे घरेलू खपत बढाकर अवशोषित करने की नीतियां बनानी पड़ेगी।

आपदा में अवसर की तलाश का यह एक मौका भी हो सकता है।

इस टैरिफ युद्ध में आशा की एक किरण यह है कि हमारे स्पर्धी देश चीन,वियतनाम और थाईलैंड पर हमारी तुलना में लगभग दोगुना टैरिफ लगाया गया है। अमरीका जिन वस्तुओं का इन देशों से आयात करता है सरकार उनके उत्पादन को देश में बढ़ावा देकर कुछ ट्रेड छीन सकती है लेकिन यह सरकारी समर्थन के बिना संभव नहीं है। साथ ही यूरोपियन यूनियन के देशों में भी बाजार विकसित कर इस संकट को कम किया जा सकता है। इस परिस्थिति से बाहर निकलने में ही मोदी सरकार की योग्यता और दक्षता की परीक्षा है।अगर ट्रेड तनाव को शिथिल करने में सरकार असफल होती है तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर भी असर पड़ेगा। 2030 तक 500 बिलियन डालर के द्विपक्षीय प्रत्यक्ष निवेश लक्ष्य की पूर्ति कठिन होगी। हमें ध्यान रखना होगा कि अमरीका का भारत से आयात हमारी जीडीपी में लगभग 2.2 फीसदी का योगदान करता है। टैरिफ घोषणा के पहले दिन ही टाटा मोटर,टीसीएस,इन्फोसिस,सोना कोमस्टार ,विप्रो आदि के शेयरों में 4.5 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। अब मोदी सरकार कसौटी पर है और व्यवहारिक निगोसिएशन,समझौते उसकी टीम की योग्यता की परख करेंगे।इन फैसलों से संभावित नुकसान से 31विलियन डालर तक हमारा जीडीपी प्रभावित हो सकता है। भारत अमरीका से लगभग 23 बिलियन डालर का आयात करता है जिस पर लगभग 55 फीसदी टैरिफ घटाने की बातचीत चल रही है अगर यह सफल होती है तो इलेक्ट्रानिक काम्पोनैंट आदि की कीमते घटेंगी जिससे निर्यात घाटे की कुछ पूर्ति हो सकती है ।अगर समझौता टूटता है तो आयात रेवेन्यू घटने से कंपनियां घरेलू बाजार में कीमतें बढ़ायेंगी जिससे मंहगाई बढ़ेगी। छंटनी होगी।अगर हम चूकते हैं तो डूबते हैं । अब हमें देश के मानव बल को उत्पादन बढाने और नये बाजार खोजने में लगाना होगा। तभी तय होगा कि टैरिफ की मार पर भारत है तैयार।



## शब्द सामर्थ्य -008

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

# प्रसिद्ध धर्मस्थली कामाख्याधाम

(रीता मिश्रा-विनायक फीचर्स)

प्रसिद्ध धर्मस्थली कामाख्या धाम, गुवाहाटी से तकरीबन दो किलोमीटर पूर्व में नीलांचल पर्वत पर स्थित है, जिसकी ऊंचाई 525 फीट है। कामाख्या मंदिर देश विदेश के पर्यटकों के लिए प्रसिद्ध धाम के रूप में प्रसिद्ध और सिद्ध है। भगवान त्रिलोचन शिव के कन्धे से छिन्न-भिन्न होकर सती के अंग भिन्न-भिन्न स्थानों पर गिरे। ये स्थान तीर्थरूप में प्रसिद्ध हुए। ये सभी सिद्धपीठ कहे जाते है। देवी इन स्थानों में विद्यमान रहती है, इस कारण ये सब सिद्ध पीठ माने जाते है। नीलाचंल पर्वत पर सती माता का योनिमण्डल कटकर, गिरकर पत्थर बन गया। इस शिला के स्पर्श मात्र से मनुष्य अमरत्व को प्राप्त कर ब्रह्मलोक में निवास कर अंत में मोक्ष लाभ करते है, ऐसा माना जाता है। मान्यता है कि मंदिर की दीवारों पर चौसठ योगिनियां और अष्टादश भैरवों की मूर्ति खुदवाकर कामदेव ने इसे आनन्दाख्य मंदिर के नाम से प्रचारित किया। आज इस मंदिर के नीचे का भाग ही शेष रह गया है। कामरूप तथा कामाख्या पर्वत के चारों और अनेक तीर्थ स्थान है। इसमें उमानन्द, अश्क्रांत, मणिकणेश्वर, नवग्रह, उग्रतारा, वशिष्ठाश्रम, पाण्डुनाथ और हथग्रीव आदि प्रसिद्ध है। कामाख्या देवी के समीप ही उत्तर की ओर सौभाग्य कुण्ड है, सर्वप्रथम तीर्थयात्री इसी सौभाग्यकुण्ड में स्नान कर मंदिर में प्रवेश करते है। कामाख्या मंदिर, विशिष्ठ शिलापीठ के ऊपर है यहां पाताल से निरन्तर जल निकलता रहता है। यही कामाख्या योनिमण्डल है। जिसका परिमाण एक हाथ लम्बा तथा बारह अंगुल चौड़ा है मातृअंग होने के कारण इसका आधा भाग सोने की टोप से ढ़का रहता है और आधे भाग को भी वस्त्र, पुष्प माल्यादि से सुशोभित रखा जाता है। कामाख्या में कुमारी पूजा का अत्यधिक महत्व है। कुमारी पूजा करने से सम्पूर्ण देवी, देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है। प्रतिवर्ष देवी मंदिर में विभिन्न पर्वो के उपलक्ष्य में उत्सव पूजा आदि कार्य बड़े समारोह के साथ अनुष्ठित होते है, जिसमें %अम्बुवासी% मेला प्रसिद्ध है। आषाढ़ महीने में मृगशिरा नक्षत्र के तृतीय चरण बीत जाने पर चतुर्थ चरण में आद्रा नक्षत्र के प्रथम पाद के मध्य में देवी मां ऋतुवती हुई थी, इसी समय पांच दिनों का यह अम्बुवासी मेला लगता है। तीन दिन तक मंदिर का द्वार बंद रहता है, चौथे दिन कपाट खुलने पर यात्रियों को दर्शन करने दिया जाता है। इस अवसर पर देश-विदेश से भारी संख्या में साधु, महात्मा, औघड़ एवं तांत्रिक एकत्रित होकर अपनी तंत्र विद्या की साधना करते है। जिनके ठहरने तथा खाने-पीने के लिए अनेक स्वयंसेवी सस्थायें निरन्तर कार्यरत रहती है। प्राचीन काल में यह ज्योतिष का प्रमुख केन्द्र माना जाता था। कामाख्या मंदिर के पास ही पूजा पाठ की सभी सामग्रियां उपलब्ध हो जाती है। होटल, फल-फूल तथा मिठाई की दुकानें भी है। इसके अतिरिक्त पर्वत के ऊपर पर्यटकों के रहने, खाने तथा अन्य सभी सुख-सुविधाओं का भी उचित प्रबंध नगर-निगम द्वारा किया जाता है। जिससे यात्रियों को असुविधा नहीं होती है। यहां यात्रियों के आवागमन की सुविधाएं भी पर्याप्त है जिससे असुविधा का प्रश्न ही नहीं उठता। इस प्रकार जगन्माता कामाख्या देवी का मंदिर सभी दृष्टियों से मनोरम तथा उपयुक्त फलदायक है।जो व्यक्ति भक्ति भाव से योनिमण्डल के दर्शन-स्पर्शन करके जलपान करते हैं, वे देवऋष्टा, पितृऋष्टा से मुक्त हो परम धाम को प्राप्त होते है। कोटि गोदान करने से जो फल मनुष्य को मिलता है वही फल कामाख्या देवी की पूजा करने से प्राप्त होता है।

## सू- दोकू क्र.008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# राशिफल

**मेष** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखें। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। मां कात्यायनी को फूल अर्पित करें, परिवार में खुशियाँ आएंगी।

**वृषभ** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और अच्छे मनोबल के कारण आप बड़ी उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे। आज घर में संबंधियों के आगमन से खुशनुमा माहौल भी बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है। अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए आप नई तकनीक का सहारा लेंगे। माँ दुर्गा को लौंग अर्पित करें, स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

**मिथुन** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर सबका हल निकाल लेंगे। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक अथवा धार्मिक प्रोग्राम बनायेंगे। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा, मेडिटेशन आदि का सहारा लें। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगायें, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कर्क** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं, किसी भी मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करें। आज आर्थिक मामलो में दोस्तों से मदद मिलेगी। आज आप आखों का खास ख्याल रखें। मां कात्यायनी के सामने हाथ जोड़े, माता- पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज आप ध्यान रखें कि नकारात्मक परिस्थिति बने तो धैर्य और शांति रखना ही उचित है। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज अधिकतर समय मार्केटिंग तथा बाहरी गतिविधियों को पूरा करने में बीत सकता है। मां दुर्गा का आशीर्वाद लें, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। जिससे दिन भर की भाग-दौड़ भूल जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय परिवारवालों की राय अवश्य लें। आज आपको अपने जरुरी दस्तावेज संभाल कर रखने की आवश्यकता है। मां कात्यायनी को नारियल अर्पित करें, रूकें हुए काम पूरें होंगें।

**तुला** आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज व्यवसाय में बहुत अधिक फोकस रहना जरूरी है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है, उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। मां दुर्गा के सामने कपूर जलाने सें, लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं। लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। मां दुर्गा को कुमकुम का टीका लगायें, कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें । आज महत्वपूर्ण तथा उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समयबीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है। आज अपने व्यवसाय की गतिविधियों में भी बदलाव लाए। मां कात्यायनी का ध्यान करें, मन में शान्ति बनी रहेगी।

**मकर** आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप रुका हुआ काम पूरा कर लेंगे। आज व्यर्थ के खर्चे पर नियंत्रण रखें। छात्रों को आज अच्छी ख़बर मिलने के योग बने हुए है। आज नौकरी कर रहे लोग अपना टारगेट आसानी से पूरा कर लेंगे। आज घर में शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। मां दुर्गा की आरती करें, घरेलू समस्याएं समाप्त होंगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वला है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज अचानक धनलाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। कार्यों में आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मां दुर्गा के सामने घी का दीपक जलायें, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं। आज व्यवसाय में रोज की अपेक्षा अच्छा लाभ होगा। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरतें। दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान कैंसल करना पड़ सकता है।आज आपके व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा । मां कात्यायनी को इलायची अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

## अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस पर विशेष

# आत्मा की आवाज है विवेक

**जीवन में असाधारण मात्रा में साधारण ज्ञान को ही विवेक कहते हैं। संसार के समस्त प्राणियों में श्रेष्ठ प्राणी मनुष्य है। मनुष्य के मानस की बड़ी शक्ति है विवेक, जिसके पीछे मन और बुद्धि की भूमिका शामिल है। मन को विचारों का पुंज कहा गया है। यह अपनी सोच से बाहरी दुनिया का अनुभव करता रहता है। विवेक व्यक्ति की एक व्यक्तिगत नैतिक भावना है, जो यह निर्धारित करने में सहायता करती है कि क्या सही है और क्या गलत? विवेक के बारे में अधिक अध्ययन कर हम अत्याधिक विवेक वाले बेहतर व्यक्ति बन सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस पर समझते हैं जीवन का आधार और आत्मा की आवाज विवेक का महत्व.....**

डॉ. केशव पाण्डेय



5 अप्रैल को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस मनाया जाता है, जो मानव विवेक के मूल्य को दर्शाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मानवीय विवेक के महत्व को पहचानना और करुणा की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 जुलाई 2019 को इस दिवस की घोषणा की थी। 5 अप्रैल 2020 में पहला अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस मनाया गया, तब से यह सिलसिला जारी है। ÷प्रेम और विवेक के साथ शांति की संस्कृति को बढ़ावा देना÷ इसकी थीम है। यह आत्म-परीक्षण और नैतिक रूप से कार्य करने के मूल्य पर जोर देने का अवसर है। ताकि आवश्यक सुधारों को इंगित करके समग्र रूप से समाज के विकास में भी मदद की जा सके। संयुक्त राष्ट्र संगठन के अनुसार, ÷भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध के अभिशाप से बचाने संयुक्त राष्ट्र के कार्य के लिए शांति की संस्कृति की और परिवर्तन की आवश्यकता है। जो अपने समाज की विकास प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग लेने के लिए सभी अधिकारों और साधनों के पूर्ण प्रयोग की गारंटी देते हों।÷ क्योंकि जीवन में किसी भी कार्य को करने और उसमें सफलता पाने के लिए बुद्धि और विवेक की आवश्यकता पड़ती है। जो कार्य आप कभी अपने बल से नहीं कर सकते हैं, उसे आप बुद्धि की मदद से बड़ी आसानी से कर सकते हैं। जिसके पास स्वयं का विवेक नहीं है, शास्त्र उसका क्या करेंगे? जैसे नेत्रविहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है। मानव मन बड़ी मुश्किल से टिकता है। जब मन सोच-विचारों को स्वीकार करता है तो इसका नियमन बुद्धि करती है। जिससे यह बुद्धि जुड़ी हुई है। बुद्धि सुमति और कुमति दो रूपों वाली है। जो कर्म-क्रिया की प्रेरक है। बुद्धिमान व्यक्ति ही सुमति से अपने कार्य का सफल निष्पादन कर लेता है। सुमति सद्बुद्धि से विवेक और कुमति अविवेक देती है। मनुष्य विवेक के आलोक में रहे तो बुद्धि सही निर्णय लेने में सफल हुआ करती है। लौकिक जगत की सांसारिक-भौतिक जरूरतें और आविष्कार जो मानवीय बुद्धि से लोगों तक पहुंचकर उपयोगी साबित हुए हैं। दुनिया में जितने भी आविष्कार हुए वह सब इसी बुद्धि कौशल के कारण संभव हुए। सुमति या सद्बुद्धि सात्विक प्रवृत्ति की है। इसके विपरीत यह बुद्धि कुप्रेरणा और कुसंग के कारण दूषित हुई। इसी संसार में अनेक अच्छाइयों और बुराइयों के उदाहरण शामिल हैं। मनुष्य अपनी ग्रहणशीलता से कितनी अच्छाइयों को आत्मसात करता हुआ विवेकशील हो, यह उस पर निर्भर है। मनुष्य की श्रेष्ठता व सार्थकता विवेकपूर्ण जीवन जीने में है। विवेकशीलता के अभाव में मनुष्य सच्चा सुख



और शांति से दूर होता जा रहा है। सत्कर्म का कारण बुद्धि की प्रेरक शक्ति विवेक ही है। जो सत्प्रेरणा के साथ उचित निर्णय करने में सहायक है। इसीलिए विवेकपूर्ण कृत्य के दोष रहित होने की संभावना बलवती बनी रहती है। वस्तुस्थिति का सही मूल्यांकन कर सकना, कर्म के प्रतिफल का गंभीरतापूर्वक निष्कर्ष निकालकर श्रेयस्कर दिशा देने की क्षमता केवल विवेक में होती है। उचित-अनुचित के सम्मिश्रण में से श्रेयस्कर को अपना लेना विवेक बुद्धि का कार्य है। विवेक के अभाव में सही दिशा का चयन नहीं हो सकता। मनुष्य विवेक द्वारा ही भावनाओं के प्रवाह और अति श्रद्धा या अंध श्रद्धा से बच सकता है। विश्वास का प्रयोग अपने से कहां तक और कितना किया जाता है, इसका निश्चय विवेक बुद्धि ही कराती है। विवेक जागरूकता की कुंजी है। विवेकशीलता को ही सत्य की प्राप्ति का साधन कहा जा सकता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि हम अपने विवेक को समझें। आजकल लोग विवेक के बारे में बहुत सुनते हैं,जिससे बहस छिड़ जाती है और ज़रूरत पड़ने पर सुधारात्मक कार्रवाई भी की जाती है। विवेक की जांच करने से हमें दूसरों के नैतिक सिद्धांतों को समझने में मदद मिल सकती है।

इसकी वजह है कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक नैतिक आवाज होती है, जिसे हम 'विवेक' कहते हैं। यह विवेक हमें सही और गलत में अंतर करने, न्याय की भावना को अपनाने और सामाजिक समरसता की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। भारत, ÷सर्वे भवंतु सुखिनः÷ और ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ जैसे सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक राष्ट है, जो सदियों से विवेक और नैतिकता की मिसाल रहा है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों,वेद, उपनिषद, भगवद गीता और रामायण में विवेक को आत्मा की आवाज़ माना गया है। रामचरित मानस में तुलसीदास जी ने लिखा है कि ÷बिनु सत्संग विवेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई।। " इस चौपाई के माध्यम से तुलसीदास जी सत्संग की महिमा बताते हैं। इसका अर्थ है कि प्रभु को पाने के लिए भी प्रभु की कृपा आवश्यक है, इसके लिए विवेक जरूरी है। संतों और महापुरुषों, जैसे- महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भी अपने जीवन में विवेक आधारित निर्णयों को प्राथमिकता और देश को एक नैतिक दिशा दी। आज के समय में भारत की नई शिक्षा नीति में भी नैतिक शिक्षा को प्रमुख स्थान दिया गया है, ताकि बच्चों में प्रारंभ से ही विवेक और नैतिक मूल्यों का विकास हो। वर्तमान समय में जब भ्रष्टाचार, अन्याय और असहिष्णुता जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं, तो विवेक आधारित निर्णय लेना और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में विवेकपूर्ण नागरिक ही एक सशक्त राष्ट का निर्माण कर सकते हैं। भारत विविधताओं का देश है, और यहां धार्मिक, भाषाई, जातीय मतभेदों के बावजूद यदि समाज में शांति बनी हुई है, तो उसका कारण है लोगों का विवेक, जो उन्हें एक-दूसरे के प्रति सहनशील और संवेदनशील बनाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि एक शांति-प्रिय और विवेकशील राष्ट के रूप में उभरी है। भारत ने विश्व मंच पर हमेशा मानवता, अहिंसा, और न्याय की बात की है। अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस हमें याद दिलाता है कि व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में विवेक की कितनी अहम भूमिका है। भारत जैसे देश के लिए यह दिन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि हमारी सभ्यता और संस्कृति में विवेक को जीवन का आधार माना गया है। यदि प्रत्येक भारतीय अपने विवेक की आवाज़ सुने और उस पर चले, तो न केवल हमारा देश बल्कि सम्पूर्ण विश्व अधिक शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण और मानवतावादी बन सकता है। क्योंकि आत्मा की आवाज है विवेक ... और विवेक से सदैव सबका भला ही होता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# कलेक्टर ने जिले में 10 करोड़ रूपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

## विभागीय अधिकारियों को कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में 10 करोड़ रूपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करायें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सिंचाई विभाग की नहरों के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने तथा भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीआरएस कालेज में निर्माणाधीन भवनों की प्रगति धीमी है शीघ्रता से कार्य हो तथा स्वास्थ्य विभाग के केन्द्रों एवं छात्रावास भवनों के निर्माण कार्यों को संबंधित विभाग गति दें। जिले में 10 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विभिन्न विभागों के 57 कार्य स्वीकृत है। कलेक्टर ने विभागवार एवं कार्यवार समीक्षा करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग अन्तर्गत मेडिकल कैंपस में निर्माणाधीन डॉक्टर्स क्वार्टर्स के कार्य में धीमी प्रगति पर निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने गुढ़ औद्योगिक क्षेत्र में जून से पूर्व पाइप लाइन द्वारा जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। विद्युत मंडल के आरडीएस योजना के तहत कार्यो तथा हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुर्नघन्त्वीकरण योजना से कराये जा रहे कार्यों की कलेक्टर ने बैठक में समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन अकादमिक भवन को मेडिकल कालेज को शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश पीआईयू को दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्योंहारों के मद्देनजर मऊगंज जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**रीवा,कासं.।** चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, हनुमान जयंती, अम्बेडकर जयंती सहित अन्य त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने धारा 163 के तहत जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। पुलिस अधीक्षक मऊंगज के प्रतिवेदन पर मऊगंज जिले में नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 2023 की धारा 166 के तहत जारी आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के तहत समस्त प्रकार के आयोजनों की अनुमति प्रशासनिक अधिकरियों से प्राप्त किये जाने के उपरान्त ही किया जायेगा।

अनुमति प्राप्त नहीं होने पर किये जाने वाले आयोजनों को अवैधानिक घोषित करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। संपूर्ण मऊगंज जिले में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। डी.जे. पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदुषण नियम में निर्धारित प्रावधानों का पालन अनिवार्य रुप से किया जाय तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से आपत्तिजनक नारे/गाने इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाये, जिनसे किसी भी धर्म/वर्गों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित व्यक्ति के साथ-साथ कार्यक्रम में आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाकर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जावेगी।

कोई भी व्यक्ति/संस्था/पशु मालिक अपने पशुओं को खुले तौर पर सड़को पर न छोड़ें और न ही सड़को पर आने देवे। घरेलू नौकरों एवं व्यवसायिक नौकरों की सूचना संबंधित मालिकों के द्वारा थाने पर विहित प्रारुप में देने के उपरान्त ही इन्हें रखा जावे। होटल, लांज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रुप से लिया जावे एवं ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारुप में प्रतिदिन संबंधित थाने पर दी जावे।

पेईंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारुप में थाने पर दी जाए, इसके उपरान्त ही पेईंग गेस्ट रखा जावे। किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने मकान में यदि किरायेदार रखा जाता है, तो इसकी सूचना संबंधित थाने में लिखित रुप से प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। मऊगंज जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो/चित्र/मैसेज करने या साम्प्रदायिक मैसेज करने या इनकी फारवर्डिंग/लाईक, ट्वीटर/एक्स, फेसबुक, व्हाट्सअप इत्यादि सोशल मीडिया पर करने या इन पर कमेंट/लाईक करने की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाने एवं सोशल मीडिया के ग्रुपों पर विशेष निगाह रखे जाने का आदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा है कि यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्वसाधारण को सूचना तामील नहीं की जा सकती और न ही सर्व साधारण से आपत्तियों प्राप्त की जा सकती है।

अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराया जा रहा है। आदेश का उल्लंघन होने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा एवं जारी किये जाने की तिथि से दो माह तक मऊगंज जिले की सीमा अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: रिचार्ज कूपों से होता है भूमिगत जल का संवर्धन

**रीवा,कासं.।** पानी धरती पर जीव-जंतुओं और वनस्पितियों के जीवन का आधार है। पृथ्वी के लगभग 70 प्रतिशत भाग पर पानी है। यह पानी महासागरों में संचित होकर वर्षा का आधार बनता है। शेष लगभग 30 प्रतिशत पानी पृथ्वी की सतह पर नदियों, बांधों, तालाबों, हिमनद व ग्लेशियरों तथा पृथ्वी के अंदर भूमिगत जल के रूप में संचित है। मानव के दैनिक उपयोग और पेयजल के लिए भू जल का बहुत अधिक उपयोग किया जा रहा है। ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई के लिए भी भूमिगत जल का भारी मात्रा में उपयोग हो रहा है। पृथ्वी पर हरियाली और वृक्ष घटने तथा लगातार बढ़ रहे पक्के निर्माण कार्यों के कारण धरती में पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल का भण्डारण नहीं हो पा रहा है। वर्षा का पानी धरती के अंदर कम मात्रा में जाता है। इसकी अधिकतर मात्रा नदियों के माध्यम से बहकर पुनः महासागरों में मिल जाता है। भूमिगत जल का संवर्धन करने के लिए रिचार्ज कूप बहुत उपयोग उपाय है। इसके माध्यम से बरसात के बहते हुए पानी को रिचार्ज पिट के माध्यम से फिल्टर करके कुएं में भेजा जाता है। कुएं के माध्यम से धरती के आंतरिक जल स्त्रोतों में पहुंचकर साफ पानी भण्डारित होता है। रिचार्ज कूप बनाने के लिए ऐसे कुओं का चयन करें जिनमें वर्षा के बाद दिसम्बर-जनवरी महीने तक पानी रहता है। कुएं से तीन से छः मीटर की दूरी पर ऐसे स्थान पर रिचार्ज पिट बनाएं जहाँ वर्षा का पानी पर्याप्त मात्रा में संचित होता है। रिचार्ज पिट में नीचे से 50 से.मी. की ऊंचाई पर पाइप लगाकर इसे कुएं से जोड़ दें। रिचार्ज पिट की गहराई तीन मीटर रखें। इसमें सबसे नीचे की परत में 150 एमएम की गिट्टी बिछाएं। इसके बाद इसमें 63 एमएम से 100 एमएम साइज के पत्थरों की परत बिछाएं। इसके बाद आधा मीटर की मोटाई में पुनः 100 से 150 एमएम की गिट्टी बिछाएं। ऊपरी परत को समय-समय पर साफ करना आवश्यक है जिससे कुएं में साफ पानी जाए। रिचार्ज में जितना अधिक पानी वर्षाकाल में जाएगा उतना ही जल संचय बढ़ेगा। हर कुएं में रिचार्ज पिट बनाकर इन्हें 12 मासी बनाया जा सकता है। सामान्य तौर पर लगभग 25 हजार रुपए में रिचार्ज पिट का निर्माण हो जाता है।

# पुस्तक एवं गणवेश मेला का कलेक्टर ने किया शुभारंभ





**रीवा,कासं.।** दो दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित मेले में विभिन्न विद्यालयों की पुस्तकें एवं गणवेश रियायती दर पर उपलब्ध रहेंगे। पुस्तक मेले के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर ने पुस्तक व ड्रेस विक्रेताओं से चर्चा की तथा निर्देश दिये कि निर्देशानुसार विद्यालयों की सभी पुस्तकें उपलब्ध करायें जिससे अभिभावक को पुनः किताब खरीदने न आना पड़े। उन्होंने अभिभावकों व विद्यार्थियों से भी संवाद किया।

### एक ही स्थान में सभी विद्यालयों की पुस्तकें एवं गणवेश रियायती दर पर उपलब्ध हैं

विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने कलेक्टर को इस पहल के लिये धन्यवाद दिया तथा कहा कि हमें अपने विद्यालय की किताबें व ड्रेस एक ही जगह मिल रही हैं और उनमें छूट भी दी जा रही है। उन्होंने कुछ किताबें न होने की बात कलेक्टर को बताई। कलेक्टर ने तत्काल व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। पुस्तक मेला के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विक्रेताओं के स्टाल का निरीक्षण किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पुस्तक व ड्रेस विक्रय किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्टाल में विभागीय एक व्यक्ति की परिचय पत्र के साथ ड्यूटी लगायें तथा इस बात को सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों व अभिभावकों को वांछित पुस्तकें मिलें और उन्हें भटकना न पड़े। कलेक्टर ने भीड़ को नियंत्रित कर व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने तथा पीने के पानी व छाया की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहायक संचालक राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपये में तेजी जारी, डॉलर के मुकाबले 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली ,ए.।** डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी का दौर जारी है। शुक्रवार को यह 85 के नीचे पहुंच गया, जो कि अमेरिकी मुद्रा के खिलाफ तीन महीने का सबसे उच्चतम स्तर है। कारोबारी सत्र की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.04 पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही यह 84.99 पर पहुंच गया है, जो पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया की क्लोजिंग 85.44 से 40 पैसे अधिक है। डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ से डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल में गिरावट को माना जा रहा है। ट्रंप द्वारा टैरिफ के ऐलान के बाद से दुनिया के छह बड़े देशों की मुद्रा के खिलाफ अमेरिकी मुद्रा की मजबूती दर्शाने वाले डॉलर इंडेक्स में बड़ी गिरावट देखी गई है। यह कमजोर होकर 101.69 के करीब आ गया है। टैरिफ ऐलान के समय गुरुवार को डॉलर 104 के आसपास था। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ उम्मीद से ज्यादा हैं, जिसके कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा है और इस कारण डॉलर में कमजोरी देखी जा रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती की एक वजह कच्चे तेल में बड़ी गिरावट होना है। ब्रेंट क्रूड 69.64 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है।भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आती है तो देश को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचत करने में मदद मिलती है और इससे रुपये को सहारा मिलता है। एलकेपी सिक्योरिटी में वीपी रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी), जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज रिकवरी देखने को मिली है। वैश्विक संकेतों और एफआईआई फ्लो के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 85 से 85.90 के बीच में रह सकता है।

### ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एआई को लेकर 'भारत' की तारीफों के पुल बांधे

**नई दिल्ली ,ए.।** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि क्रिएटिविटी और एआई अपनाने के मामले में भारत दुनिया से आगे निकल रहा है। उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कंपनी के लेटेस्ट 4ओ इमेज जेनरेशन टूल की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो स्टूडियो घिबली-स्टाइल के एनिमेशन बनाता है। इस फीचर को पिछले सप्ताह चैटजीपीटी के लिए प्रोडक्ट अपडेट के तहत लाया गया है। ओपनएआई के सीईओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में एआई अपनाने को लेकर जो हो रहा है, वह देखना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा, हमें क्रिएटिविटी का एक्सप्लोजन देखना बेहद पसंद है और भारत दुनिया से आगे निकल रहा है। भारत के एआई को लेकर इस उत्साह की तारीफ करने के साथ ही ऑल्टमैन ने खुद का एक क्रिकेट थीम- बेस्ड पोर्ट्रेट इंडियन क्रिकेट प्लेयर के रूप में पेश किया, जिसे एआई ने जनरेट किया था। इस पोर्ट्रेट के लिए उन्होंने प्रॉम्प्ट भी शेयर किया, पोर्ट्रेट के लिए ऑल्टमैन का प्रॉम्प्ट 'सैम ऑल्टमैन एज अ क्रिकेट प्लेयर इन एनिमे स्टाइल' था। ऑल्टमैन ने घिबली यूजर्स को इस फीचर के दूसरे वर्जन के बारे में भी बताया, जिसके लिए उन्हें लगता है कि लोग तैयार नहीं हैं।इस बीच, ऑल्टमैन ने बताया कि चैटजीपीटी को लेकर यूजर्स की भारी मांग देखने को मिल रही है, जो कि घिबली-स्टाइल एआई आर्ट ट्रेंड के इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने की वजह से है। ऑल्टमैन ने बताया कि क्षमता चुनौती की वजह से ओपनएआई की ओर से अपकमिंग रिलीज को लेकर देरी हो रही है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हम स्थिति को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ओपनएआई द्वारा अपकमिंग रिलीज को लेकर कुछ देर होगी। कुछ सर्विस स्लो भी होंगी, ऐसा क्षमता चुनौती की वजह से हो रहा है। इस बीच, सैम ऑल्टमैन की भारत को लेकर की गई इस पोस्ट को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने ओपनएआई के सीईओ को अमरावती आने का निमंत्रण दिया है।

# सनराइजर्स पर भारी पड़े नाइटराइडर्स, लगातार 5वीं जीत के साथ बनाया बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 80 रनों से हरा दिया। सनराइजर्स पर केकेआर की यह लगातार पांचवीं जीत है। पिछले सीजन (2024) के फाइनल मुकाबले में भी केकेआर के हाथों सनराइजर्स हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में सनराइजर्स का प्रदर्शन केकेआर के सामने फीका ही रहा है।

गुरुवार को ईडन गार्डन में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का साधारण सा प्रदर्शन इसका सटीक उदाहरण है। केकेआर ने हैदराबाद के सामने 80 रन की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आईपीएल के इतिहास में केकेआर दिल्ली कैपिटल्स के बाद दूसरी ऐसी टीम बन गई है जिसने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांचवीं जीत हासिल की है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 2020-23 के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांच जीत हासिल की थी। केकेआर ने 2023-25 के दौरान लगातार पांच जीत हासिल की है। 2018 में सीएसके ने हैदराबाद को चार बार लगातार हराया था। वहीं, 2020-21 के दौरान केकेआर ने हैदराबाद पर लगातार चार बार जीत दर्ज की थी।

यह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल में केकेआर की 20वीं जीत थी। इसके साथ ही नाइट राइडर्स आईपीएल के इतिहास में पहली ऐसी टीम भी बन गए हैं जिन्होंने विपक्षी तीन टीमों को 20 या उससे अधिक बार हराया है। केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद को 20 बार हराया है। वहीं, पंजाब किंग्स को केकेआर ने 21 बार आईपीएल के इतिहास में मात दी है।

हालांकि, इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस सबसे आगे हैं। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने केकेआर को आईपीएल के इतिहास में अब तक 24 बार हराया है।

आईपीएल 2025 सीजन की अंक तालिका की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद केकेआर प्वाइंट टेबल में 10वें स्थान से छलांग लगाकर सीधे 5वें स्थान पर पहुंच गई है। केकेआर के पास 4 मैचों में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक हैं।

वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद प्वाइंट टेबल में सबसे नीचे पहुंच चुकी है। सनराइजर्स हैदराबाद के पास चार मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ दो अंक हैं। टीम का नेट रन रेट भी काफी कम है।

# आईपीएल 2025 : वेंकटेश अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन

## -कहा- सीजन में बढ़ेगा उनका आत्मविश्वास

**नईदिल्ली,एजेंसी।** पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है। वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन ही बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। मॉर्गन ने कहा, हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले।

इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच-समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया। शुरुआती झटकों के बाद अंग्कृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर के अर्धशतकों की मदद से केकेआर ने 20 ओवर में 200 रन बनाए।

# एसीसी के नये अध्यक्ष बने पीसीबी प्रमुख नकवी



**दुबई, (ए.)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के नये अध्यक्ष बने हैं। नकवी श्रीलंका के शम्मी सिल्वा की जगह लेंगे। एसीसी अध्यक्ष पद सभी सदस्य देशों के बोर्ड प्रमुखों को मिलता रहता है। अब तक इस पद पर श्रीलंकाई बोर्ड के प्रमुख सिल्वा थे। नकवी साल 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। नकवी की अब पहली जिम्मेदारी एशिया कप के आयोजन की होगी। एशिया कप सितंबर में टी20 प्रारूप में ही खेला जाएगा। इसके आयोजन स्थल की घोषणा अभी होनी है।

नकवी ने एसीसी अध्यक्ष बनने पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नकवी ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए मिलकर काम करना रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्ड के साथ काम करने को प्रतिबद्ध हूं। इस दौरान मेरा प्रयास सभी के साथ मिलकर नए अवसरों को खोजना रहेगा। , साथ ही कहा कि हम आपसी सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। नकवी ने कहा कि मैं निवर्तमान एसीसी अध्यक्ष को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। एसीसी बैठक वर्चुअली आयोजित की गई थी। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष सिल्वा ने एसीसी सदस्यों के अलावा इसके पूर्व पमुख रहे भारत के जय शाह को भी धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि उनके नेतृत्व में एसीसी ने कई अहम उपलब्धियां हासिल की जिसमें एसीसी एशिया कप व्यावसायिक अधिकारों के लिए अब तक का सबसे अधिक मूल्य हासिल करना, नई कार्यक्रम संरचना शुरू करना और एशिया में क्रिकेट के निरंतर विकास का मार्ग प्रशस्त

## सोशल मीडिया में छायी केकेआर की प्रशंसक



**मुम्बई, (ए.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खेले जा रहे मुकाबलों में प्रशंसक भी चर्चाओं में रहते हैं। इसी कड़ी में अब कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की जर्सी पहने एक खूबसूरत महिला प्रशंसक भी सबके आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। ये प्रशंसक सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही है। इस मैच में केकेआर की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के दौरान प्रशंसक बेहद उत्साहित दिखे। इसी दौरान केकेआर की ये प्रशंसक सोशल मीडिया पर छायी रही। अब इस युवती को लेकर लोग सोशल मीडिया पर चर्चाओं में लगे हैं। उसे देखकर कई प्रशंसक तो दिवाने हो गये हैं और वीडियो और तस्वीर साझा कर उसके बारे में पूछ रहे हैं। इसी कड़ी कें एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया में इस लड़की की दो तस्वीरें पोस्ट कर पूछा है कि ये कौन है? वहीं एक अन्य ने इसका वीडियो साझा कर लिखा, ये लड़की तो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की प्रशंसक से भी ज्यादा खूबसूरत है। इससे पहले सीएसके की एक महिला प्रशंसक भी सबके आकर्षण का केन्द्र रही थी।

# पोहरी में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एनएमओपीएस संगठन ने तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन




**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले की पोहरी तहसील में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रांतीय अध्यक्ष परमानंद डेहरिया के आह्वान पर अधिकारी कर्मचारियों ने वरिष्ठता सह पुरानी पेंशन बहाली हेतु एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष भरत सिंह धाकड़ के नेतृत्व में तहसीलदार निशा भारद्वाज को शुक्रवार शाम 6 बजे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कार्यक्रम में भरत सिंह धाकड़, अवधेश सिंह तोमर, बलबीर सिंह तोमर, शिवकुमार श्रीवास्तव, अमरसिंह कुशवाह, पुरुषोत्तम अंगोलिया, रामगोपाल सोनी, हेमंत भार्गव सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भरत सिंह धाकड़ ने बताया कि ना तो एनपीएस और ना ही यूपीएस कर्मचारियों के हित में है। यह तो कर्मचारियों के साथ छलावा है। हम सब कर्मचारी इन दोनों पेंशन योजना का विरोध करते हैं। कर्मचारियों को अविलंब पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू किया जाए ताकि सेवानिवृत्त उपरांत उनका बुढ़ापा चैन से गुजर सके।

# नायक रणवीर सिंह हुए सेवानिवृत, परिजनों ने बैंडबाजों के साथ किया स्वागत



**शिवपुरी ब्यूरो।** नायक रणवीर सिंह की सेवानिवृत्ति पर उनके परिवार ने बैंडबाजों के साथ उनका स्वागत किया। रणवीर सिंह ने 30 दिसंबर 2006 को भारतीय सेना में शामिल हुए और अहमदनगर, महाराष्ट्र में 15 महीने की ट्रेनिंग पूरी की। उनकी पोस्टिंग वर्ष2008-2012 हिसार, हरियाणा, 2012-2013 अंबाला केंट, हरियाणा, 2014-2016 जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राइफल्स 26, 2016-2017 विदेश, साउथ अफ्रीका, 2017-2022 हरियाणा, हिसार, 2023-2025 लेह लद्दाख, चीन बॉर्डर में अपनी सेवाएं दी है। 31 मार्च 2025 को अहमदनगर, महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त होने पर उनके परिवार और मित्रों ने उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उनके परिवार ने कहा, हमें रणवीर सिंह पर गर्व है कि उन्होंने देश की सेवा में अपना योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि रणवीर सिंह करैरा के किसान नेता मान सिंह फोजी के छोटे भाई है। इस मौके पर नायक रणवीर सिंह ने कहा, मैं अपने परिवार और मित्रों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे हमेशा समर्थन दिया। मैं अपने देश की सेवा करने के लिए सम्मानित महसूस करता हूं। विदाई कार्यक्रम में संगीत भजन मंडली का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे आगंतुकों ने बहुत सराहा। तत्पश्चात सह भोज भी हुआ। विदाई समारोह में पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव, बद्री जाटव, असलम खान पत्रकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, परिजन, पत्रकारगण मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामू यादव, दिनारा ब्लॉक के अध्यक्ष रूपेंद्र यादव, नरवर ब्लॉक अध्यक्ष संजय हरसाना, साबिर खान, मनीष कुंभकार, पुरुषोत्तम रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश रावत, नरेंद्र यादव, भगवान सिंह कुशवाहा, शंकर लाल कुशवाहा मानपुर, पवन तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, नेतराम पार्षद, ओमबीर गुर्जर, जितेंद्र जाटव आदि उपस्थित थे।

# शॉर्ट सर्किट से दो किसानों की 25 बीघा फसल जलकर खाक, 5 लाख का नुकसान

## बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप, मुआवजे की मांग



**शिवपुरी ब्यूरो।** शॉर्ट सर्किट से आज दो किसानों की 25 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों को लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार घटना जिले के केलधार गांव में रघुवीर सिंह सरदार और भैयालाल धाकड़ के खेतों में हुई। जहां बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से खेत में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे रघुवीर सिंह की 15 बीघा और भैयालाल की 10 बीघा गेहूं की तैयार फसल जल गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में दोनों किसानों को लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गांव के पास से गुजरने वाली बिजली लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है। ग्रामीण इसकी मरम्मत के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को सहरिया क्रांति ने दिया समर्थन



**शिवपुरी ब्यूरो।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कर्मचारी टेंट लगाकर नगर पालिका परिसर में डटे हुए हैं और 25 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। इस बीच नगर के कई मोहल्लों, प्रमुख बाजारों और डंपिंग प्वाइंट्स पर कचरे के ढेर लग चुके हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह फैली गंदगी से दुर्गंध उठ रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

हड़ताल को मिल रहा सामाजिक संगठनों का समर्थन अब आंदोलन को नई धार दे रहा है। शुक्रवार को सहरिया क्रांति आंदोलन के संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता संजय बेचैन ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने बाल्मीकि समाज के योगदान को याद करते हुए कहा, जब भी हक और अधिकार की लड़ाई होगी, सहरिया क्रांति सबसे पहले साथ खड़ी मिलेगी। ये आंदोलन सिर्फ सफाई कर्मचारियों का नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा का है। धरना स्थल पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रामसिंह यादव भी पहुंचे और उन्होंने हड़ताली कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों की अनदेखी नहीं की जा सकती। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों से 6 अप्रैल को भगवान राम जन्मोत्सव के चल समारोह में शामिल होने की भी अपील की। कार्यक्रम के अंत में संजय बेचैन ने सभी कर्मचारियों को एक सूत्र में बंधे रहने और शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखने की शपथ दिलाई।

**पार्षदों ने खुद संभाली सफाई की कमान**

इस बीच शहर की बिगड़ती हालात को देखते हुए कुछ पार्षदों ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। वे ट्रैक्टर-ट्रॉली और सफाई उपकरणों के साथ अपने-अपने वार्डों में पहुंचे और कचरा हटवाने का काम शुरू किया। पार्षदों ने साफ संदेश दिया है कि जब तक प्रशासन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक वे अपने वार्डवासियों को गंदगी से मुक्त रखने का भरसक प्रयास करेंगे।

**कर्मचारियों की मुख्य मांगें**

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने 25 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें स्थानांतरण आदेश रद्द करना, कार्यस्थल तक वाहन सुविधा, 6 घंटे से अधिक ड्यूटी न लेना, सफाई दरोगा को पेट्रोल भत्ता, एनपीएस की कटौती राशि समय पर जमा करना, नियमित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन देना आदि शामिल हैं। शिवपुरी की गलियों में पसरा सन्नाटा और कचरे का अंबार अब एक चेतावनी बन चुका है–जब मेहनतकश कर्मचारी सड़कों पर होते हैं, तो पूरा शहर थम जाता है।

# हाईवे पर बेकाबू हार्वेस्टर चाय स्टॉल में घुसा, कोई हताहत नहीं

## स्टीयरिंग टूटने से हादसा हादसा



**शिवपुरी ब्यूरो।** गुना-शिवपुरी फोरलेन हाईवे पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। बदरवास थाना क्षेत्र के सुमेला गांव स्थित कुशवाहा होटल के पास दोपहर 2 से 3 बजे के बीच एक हार्वेस्टर चाय-नाश्ते के स्टॉल में जा घुसा। हार्वेस्टर की स्टीयरिंग रोड टूट जाने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। तेज रफ्तार हार्वेस्टर सीधे स्टॉल से टकराकर पलट गया। हादसे में स्टॉल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही बदरवास पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन बुलाकर पलटे हुए हार्वेस्टर को हटवाया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सामान्य कर दिया गया। दुकान मालिक को इस हादसे में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# विशेष शिविर आयोजित कर घुमंतु, अर्ध-घुमंतु समुदाय को प्रदान की स्वास्थ्य सेवाएं



**धौलपुर ब्यूरो।** आपणो स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा हैं। इसी क्रम में जिले का स्वास्थ्य महकमा भी समाज की मुख्यधारा से दूर घुमंतू, अर्ध-घुमंतु और विमुक्त समुदाय के लिए उनके निवास स्थान पर ही विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को वंचित वर्ग तक पहुँचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। बाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नकसौदा में जमुरा अड्डा,मोंगिया अड्डा में आयोजित शिविर में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, टीबी, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य देखभाल, परिवार कल्याण सेवाएँ, सामान्य बीमारियों की जांच एवं गैर-संचारी रोगों की पहचान की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें तीन-तीन पैकेट सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें, परामर्श व आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई। समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने एवं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग का अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा सहयोग किया गया। शिविर के दौरान बीसीएमओ बाड़ी डॉ.गब्बर सिंह, यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# बाल अनुकूल पंचायत निर्मित करने के लिए बाल सभा का आयोजन 7 को

**शिवपुरी ब्यूरो।** बाल अनुकूल पंचायत निर्मित करने के लिए बाल सभा का आयोजन 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस की विशेष थीम स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य पर होगा। जिसके माध्यम से 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिका सहभागिता करेंगे। इस कार्यकम में किशोर और किशोरियों एवं महिलाओं और परिवारों के लिए उचित पोषण और खानपान के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। पोषण और स्वास्थ्य संबंधी पारंपरिक कुप्रथाओं की रोकथाम पर जागरुकता एवं समझ विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने इस संबंध में समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 07 अप्रैल 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस को प्रदेश के ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में बाल सभाओं का आयोजन किया जाना है जिसके लिए यूनिसेफ संस्था द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विषय से संबंधित मार्गदर्शिका तैयार की गई है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संबंधित मुददों जैसे मातृ और नवजात के स्वास्थ्य, महिलाओं एवं बच्चों के लिए पौष्टिक आहार और पर्याप्त सेवाएं और देखभाल सुनिश्चित करना, माताओं और उनके बच्चों के अस्तित्व और कल्याण के लिए जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित अधिकारों एवं जानकारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यालयों की सक्रिय भूमिका होगी, जिसके लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक होगा।

आयोजित बाल साभाओं के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को चर्चा के विषयों से संबंधित अपनी सफलता की कहानियां को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है, ताकि उनकी उपलब्धियों को मान्यता मिल सके एवं दूसरों को भी इससे प्रेरणा प्राप्त हो सके।

# पुस्तक मेले में बिना जीएसटी के बिल, 5 प्रतिशत की दी जा रही है छूट

## गड़बड़ी होने का दावा, व्यापारियों ने नहीं लगाईं दुकानें




**शिवपुरी ब्यूरो।** पुस्तके मेले में स्टेशनरी व्यापारियों ने दुकानें लगाने से मना कर दिया। विरोध स्वरूप उन्होंने शहर में अपने नियमित प्रतिष्ठान भी बंद रखे। मेले में अनियमितताओं की बात सामने आई। विक्रेता कच्चे बिल दे रहे थे और बिना जीएसटी नंबर के सामान बेचा जा रहा था। अभिभावकों के लिए पुस्तक और अध्ययन सामग्री पर 5 प्रतिशत की ही छूट दी जा रही थी, जो सामान्य दुकानों पर भी उपलब्ध है। अभिभावकों की शिकायत पर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने एसडीएम उमेश कौरव को जांच के निर्देश दिए। इसमें सामने आया कि जिलों की तुलना में यहां दी जा रही छूट काफी कम थी। एसडीएम ने अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। व्यापारियों का कहना है कि मेले में पारदर्शिता का अभाव है और उन्हें व्यापारिक नुकसान हो रहा है। इस कारण उन्होंने विरोध स्वरूप मेले से दूरी बना ली है। अव्यवस्थाओं के चलते सात दिवसीय पुस्तक मेला विवादों में घिर गया है। मेले का उद्देश्य निजी स्कूलों की एकाधिकार शाही को समाप्त करना और अभिभावकों को राहत प्रदान करना था। लेकिन यह सब नहीं हो सका।

# जरूरतमंद के लिए गोयल परिवार ने मेडिकल कॉलेज में दान किया आरओ सहित एक वाटर कूलर



**शिवपुरी ब्यूरो।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में संध्या ग्रीन्स परिवार के मुखिया श्रीमती संध्या गोयल श्री महेन्द्र कुमार गोयल जी एवं उनके पुत्र श्री ललित गोयल की तरफ से गर्मियों के मौसम में मरीजों एवं उनके परिजनों को शीतल पेय जल हेतु आर ओ सहित एक वाटर कूलर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज को भेट किया गया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस ने कहा कि गोयल परिवार जैसा भाव अन्य व्यक्तियों में होना चाहिए जिससे लोग अस्पताल में आगे आकर सेवा कार्य करें। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस,अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि, अस्पताल प्रबंधक डॉ विकास त्यागी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# एक शाम बाबा खाटू के नाम 9 अप्रैल को

**शिवपुरी ब्यूरो।** एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन 9 अप्रैल को किया जा रहा है। इस संकीर्तन में श्री हरिदास म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा जिसमें भजन गायिका दीपांशी तिवारी, ऋतिक माझी, मयंक खेमरिया भजनों प्रस्तुति देंगे। खाटू श्याम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने बताया कि इससे पहले 8 अप्रैल को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 9 अप्रैल को संकीर्तन होगा। यह कार्यक्रम त्रिवेणी वाटिका महल के पीछे आयोजित किया जाएगा।

# एसपी ने परेड की सलामी ली, किया परेड का निरीक्षण



**शिवपुरी ब्यूरो।** आज पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार की जनरल परेड की गयी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों को मंगलवार, शुक्रवार को जनरल परेड कराने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में आज शुक्रवार को शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस परेड ग्राउण्ड मे परेड का आयोजन किया गया। परेड मे थानों एवं पुलिस लाइन से अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया, परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के द्वारा ली गई। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा परेड का निरीक्षण किया एवं परेड मे अच्छा प्रदर्शन करने व अच्छी वेशभूषा धारण करने बाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित पुरस्कार दिया गया।

# डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा का जवाब, अमेरिकी वाहनों के आयात पर लगाया 25प्रतिशत टैरिफ; फ्रांस ने भी रोका निवेश

**ओटावा ।** अमेरिकी राष्टपति ट्रंप के टैरिफ लगाए जाने के बाद अब ट्रेड वॉर शुरु हो गई है। कनाडा ने अमेरिका के टैरिफा का जवाब दिया है। कनाडा अब अमेरिका से आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। इसे गुरुवार को लागू अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लाए जाने का जवाब माना जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मौजूदा उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते के लिए कनाडाई संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए अमेरिका से आयातित सभी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की, जो ष्टस्रूके अनुरूप नहीं हैं। वहीं फ्रांसीसी राष्टपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन पर से 20त्न टैरिफ वापस लेना होगा।

अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषित व्यापक वैश्विक टैरिफ से कनाडा को काफी हद तक बचा लिया। वाशिंगटन ने यूएस-कनाडा-मेक्सिको मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप वस्तुओं को छूट दी है, जो अधिकांश उत्पादों को कवर करता है। हालांकि अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक कनाडा अभी भी ऑटोमोबाइल पर शुल्क के अलावा स्टील, एल्यूमीनियम और अन्य उत्पादों पर टैरिफ का सामना कर रहा है।

ट्रम्प ने भारत पर 27त्न टैरिफ लगाया है। नई टैरिफ दरें 9 अप्रैल से लागू होंगी। 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भारत के उत्पादों पर 10त्न बेसलाइन टैरिफ लगाया जाएगा। थाइलैंड पर 37त्न, ताइवान पर 32त्न जबकि जापान पर 24त्न टैरिफ लगाया गया है। सऊदी अरब, मिस्त्र, ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड पर बेसलाइन 10त्न टैरिफ की घोषणा की। गुरुवार से अमेरिका ने आयातित कारों और कार के पार्ट्स पर 25त्न टैरिफ वसूली भी शुरू कर दी।

## म्यांमार : विनाशकारी भूकंप के बाद सैन्य सरकार का अस्थायी संघर्ष विराम का ऐलान

**नेपीडॉ ।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने 22 अप्रैल तक के लिए अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा की है। देश में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद राहत और पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए यह घोषणा की गई है। इस भूकंप में तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जबकि 4,715 लोग घायल हुए हैं। वहीं, 341 लोग अब भी लापता हैं। म्यांमार के रक्षा सेवा कमांडर-इन-चीफ कार्यालय ने बयान जारी कर कहा, भूकंप पीड़ितों के प्रति सहानुभूति और राहत कार्यों को तेज करने के लिए यह संघर्ष विराम लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही, देश में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर में 27 में स्वय सेवकों ने दी सेवाएं



**मुरैना,कांस।** मुरैना रोटरी मेडिकल मिशन के अंतर्गत 26 मार्च 2025 से 2 अप्रैल 2025 तक आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर एव डिप्टी कलेक्टर बीरेन्द्र कटारे के आदेश से एव नेहरू युवा केंद्र मुरैना की जिला युवा अधिकारी श्रीमती नेहा जादौन श्री दिलीप सुमन के मार्ग दर्शन मे कार्य किया 27 स्वयंसेवकों ने दवा वितरण काउंटरों पर मरीजों को दवा दिलवाने में प्रतिदिन सेवा कार्य किया 27 सदस्यों के दाल का नेतृत्व नेहरू युवा केंद्र मुरैना के रामविलास शर्मा जिन्होंने दिन भर अपने दल के साथ शिविर में उपस्थित रहकर मरीजों की सेवा कार्य किया दल में ग्रुप लीडर निरंजन दुबे मुरैना से अनन्या जोरा एवं अमन भदोरिया पोरसा से अपने दल के साथ दवा काउंटर पर सेवा कार्य किया दाल में अन्य सदस्य ज्योती गोड आयुषी शर्मा केदार शर्मा अभिषेक गोस्वामी दीपक शर्मा जितेन्द्र परीक्षत शर्मा विनोद कुशवाह दीपक कुशवाह शहनाज रजनी लोधी मीरा चौरसिया सुनील गुर्जर ध्रुव गुर्जर दीपेन्द्र कषाना हरिओम शर्मा दीपेश शर्मा कुलदीप शर्मा सुरेंद्र कुमार दीपक गुर्जर शिवम बघेल योगेन्द्र शर्मा शुशाक प्रजापति शिविर मे सहयोग प्रदान करने बाले वोलेटियर को कलेक्टर द्वारा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

# विद्यार्थी परिषद ने DEO के चैंबर में 2 घंटे नारेबाजी की, विद्यार्थी परिषद ने DEO का किया घेराव

**मुरैना,कांस।** विद्यार्थी परिषद ने मांग कि की जिले भर में चल रही प्राइवेट स्कूलों द्वारा महंगी किताबें और यूनिफॉर्म जबरन थोपना से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है ।कई स्कूल एनसीईआरटी की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण किताबों के बजाय महंगे प्रकाश को की किताबें खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं जिससे आम परिवारों को परेशानी होती है इसके अलावा हर साल अनावश्यक फीस वृद्धि से भी छात्र-छात्रा और उनके परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है विद्यार्थी परिषद डीईओ महोदय के द्वारा मांग करती है की शिक्षा के नाम पर हो रहे व्यवसायीकरण को रोका जाए और पारदर्शी शुल्क नीति लागू की जाए और साथ ही विद्यार्थी परिषद इस विषय पर शीघ्र ही एक जन जागरण अभियान शुरू करेगी शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान का प्रसार करना है ना कि इस लाभ कमाने का साधन बनाना ,विद्यार्थी परिषद मांग करती है की निजी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी या राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित किताबों को लागू किया जाए स्कूलों द्वारा जबरन किसी खास है प्रकाशक की महंगी किताबें की बाध्यता समाप्त



की जाए । अतः विद्यार्थी परिषद ने जिले में पुस्तक मेला का आयोजन करने की मांग की ओर एक निश्चित मूल्य पर पुस्तकों को वितरण किया जाए ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

## खिरावली तालाब की साफ-सफाई कराई गई



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन विभाग मुरैना द्वारा 04 अप्रैल को मुरैना जनपद के ग्राम खिरावली के तालाब पर जल गंगा संर्वधन अभियान 2025 के तहत तालाब के बंड की साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। जल संसाधन संभाग मुरैना के कार्यपालन यंत्री श्री पीएस जाटव एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री तथा गणना समन्वय और ग्रामीणों तथा विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। कार्यक्रम में श्री पीएस जाटव द्वारा नागरिकों को जल गंगा संवर्धन के तहत जल की महत्ता एवं जल स्त्रोतों, संसाधनों के रखरखाव, इनके संरक्षण पर जोर देते हुए इस धरोहर को बचाने हेतु जागरूक किया।

# महामंडलेश्वर आचार्य श्री सिया बल्लभ दास वेदांती जी महाराज 6 अप्रैल को मुरैना आऐंगे



**मुरैना,कांस।** संस्कार धानी जबलपुर के कटाव सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य श्री सिया बल्लभ दास वेदांती जी महाराज का 6 अप्रैल को मुरैना आगमन है वह प्रातः महाकौशल एक्सप्रेस से मुरैना पधारेंगे मुरैना में वह रघुराज सिंह सिकरवार बरिष्ठ पत्रकार मध्य राज्य, श्योपुर एक्सप्रेस वनखंडी रोड़ यहां मुरैना के यहां ठहरेंगे वह शिष्य परिकर को दर्शन देंगे सभी शिष्य गण सूचित हो।

# लोकसेवा केंद्र के मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग

**विजयपुर।** विजयपुर में लोक सेवा केंद्र में चल रहे मेंटेनेंस के काम में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। श्री राम कंपनी की सीमेंट और बिना रॉयल्टी की चंबल की रेत का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। लोक सेवा केंद्र के कर्मचारी आरिफ खान की देखरेख में यह कार्य चल रहा है जबकि पूर्व कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा एक शिकायत के आधार पर कर्मचारी आरिफ खान की सेवा समाप्त कर दी गई थी।वही आरिफ खान पुनःअपनी मनमानी के चलते लोक सेवा केंद्र में अपनी मनमानी कर रहा है।




# 5वीं और 8वीं का रिजल्ट में एक्सीलेंट सर्किल ऑफ स्टडी, ई.सी.एस. स्कूल, के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**मुरैना,कांस।** म.प्र. बोर्ड ने कक्षा 5वीं व 8वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें, एक्सीलेंट सर्किल ऑफ स्टडी, ई.सी.एस. स्कूल की कक्षा 5वीं और 8वीं में पढ़ने वाले सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस लिहाज से विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत सफल रहा है। छात्रों ने अपनी मेहनत एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय का एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसी के साथ कक्षा 8वीं से अक्षरा राजावत ने 91.83%, हिमांशी शर्मा ने 86.33%, अहम तोमर ने 85.33त्न और कक्षा 5वीं से सौम्या तोमर 85.25%, शौर्य त्रिवेदी ने 84%, आर्यन शर्मा ने 83.75% प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी के साथ कक्षा 5वीं एवं 8वीं के प्रत्येक विद्यार्थी ने 75% से ज्यादा ही अंक हासिल किए हैं।

# चूहे मारने की दबा पीने से महिला की मौत

**मुरैना,कांस।** अम्बाह थाना क्षेत्र के ग्राम जौंहा में निवास करने वाली महिला श्रीमती उषादेवी पत्नी रामवीर राठौर उम्र 47 साल ने अपने घर पर अज्ञात कारणो के चलते चूहे मारने की दबा का सेवन कर लिया था,जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसे उपचार के लिए आईसीयू वार्ड ग्वालियर में भर्ती कराया गया था जहॉ उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने महिला की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# मलेरिया से बचने के लिये आवश्यक उपाय करें



**मुरैना,कांस।** मलेरिया बुखार में व्यक्ति को ठंड के साथ कपकपी, तेज बुखार, पसीना आना और तापमान कुछ समय में सामान्य हो जाता है। मलेरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। यह संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमण की अवधि, मलेरिया के प्रकार, उपचार की प्रभावशीलता और व्यक्ति के आधार पर भिन्न हो सकती है। जांच और इलाज द्वारा ठीक हो जाता है। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने दी है।

**मलेरिया के लक्षण**

तेज सिर दर्द, हाथ पैरो में अकड़न, उल्टी आना, थकान महसूस होना ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर को दिखायें और जांच व उपचार करायें। डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलील माहौर ने मलेरिया से बचने की सलाह दी है। जिसमें मलेरिया से बचने के लिये सभी अपने घर और बाहर सफाई रखें। पानी की टंकी को धोकर व सुखाकर पानी भरे। फुलअस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरदानी लगायें, मच्छर पनपने वाली जगह को साफ-सुथरा रखें। आरएमओ डॉ. डीएस यादव ने आमजन से अपील की है कि मौसम के अनुसार मच्छरों से बचाव व उपचार अवश्य लें, जिससे मलेरिया से बचाव हो सके।

# सुमावली विधानसभा मुरैना ग्रामीण मंडल की कामकाजी बैठक

**मुरैना कांस।** सुमावली विधानसभा में ग्रामीण मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा ने संबोधित किया तथा मुख्य वक्ता के रूप में रामेश्वर सिंह गुर्जर एवं सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सह.संयोजक ब्रजकिशोर दंडोतिया, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा सिकरौदा,भाजपा नेता पान सिंह बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजीत गुर्जर ने की आभार व्यक्त मंडल महामंत्री राधावल्लभ दंडोतिया द्वारा किया इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी, मंडल महामंत्री राधावल्लभ दंडोतिया, मदन लिखरवार,युवा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष किशोर शर्मा, मनोज उपाध्याय, डॉ.जनक सिंह कुशवाह अनिल शर्मा, निरजन शर्मा, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री आकाश रजक,नेमीचंद शर्मा, राकेश नागर,अजय सोलंकी, श्रीनिवास डंडोतिया, श्रीमती सपना जाटव, रामबरन बघेल,राजेंद्र गुर्जर,वासुदेव सिंह, बंटी पटेल, गिरधारी सिंह डंडोतिया, मुरारी लाल शर्मा, गौरी शंकर डडोत्तिया सरपंच, शंकर सिंह पटेल, रामवीर सिंह कुशवाह, मुकेश दंडोतिया, बंटी दंडोतिया, नरपाल सिंह बघेल, रामबरन जाटव, राकेश यादव, बृजमोहन कंसाना, श्री कृष्णा कुशवाह, विकास दंडोतिया, विष्णु बघेल, एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# एसडीएम ने किया उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण



**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**

सबलगढ़।सबलगढ़ एसडीएम श्री अरविंद माहौर ने शुक्रवार को शहर की उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया।जिसमें सहकारी भंडार की दुकान बंद मिली।इसके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश फूड इंस्पेक्टर को दिए।खुली पाई गई दुकानों पर एसडीएम ने उपभोक्ताओं से चर्चा की व सभी उपभोक्ता भंडारों को निर्देश दिए कि शासन के नियमों का पालन करें।

# आशीर्वाद रिसोर्ट में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मुरैना,कांस।** ग्राम मुडिया खेडा के राजौरिया परिवार द्वारा आशीर्वाद रिसोर्ट में श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 अप्रेल से कराया जा रहा है। जिसमें व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्री दंदरौआ सरकार के कृपा पात्र शिष्य पं. श्यामसुन्दर मिश्रा जी वैशान्दर अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करायेगें। जिसमें कथा परीक्षित स्व. श्रीमती रामस्नेही- श्री रामरूप राजौरिया होगें। कार्यक्रम आयोजित रामप्रकाश राजौरिया, रामरूप राजौरिया एवं सुमित राजौरिया ने सभी धर्मप्रेमियो से अनुरोध किया है कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में अधिक से अधिक की संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त करें। कथा का समय दोपहर 12 अजे से सांय 5 बजे तक रहेगा।

# कुए में गिरने से युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम उम्मेदगढ बांसी में रहने वाले पुष्पेन्द्र पुत्र इंग्लिस जादौन उम्र 33 साल गॉव के पास बाग वाले कुए में गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही शव को कुएं से बाहर निकाल कर पीएम कराकर फरियादी सत्यपाल पुत्र इग्लिस जादौन की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में मऊगंज जिले में होगी नहरों की सफाई

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान 20 मार्च से आरंभ हो गया है। अभियान में विभिन्न विभागों के साथ-साथ जल संसाधन विभाग भी बढ़चढ़ कर योगदान दे रहा है। अभियान के तहत मऊगंज जिले में 20 प्रमुख सिंचाई नहरों की साफ-सफाई का कार्य 30 जून तक कराया जाएगा। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री ने बताया कि नहरों की साफ-सफाई तथा सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। कार्ययोजना में 21 नहरों की साफ-सफाई का कार्य शामिल किया गया है। मऊगंज जिले में गोरमा मध्यम सिंचाई परियोजना, मदरावल लघु सिंचाई परियोजना, पीताम्बर गढ़ लघु सिंचाई परियोजना तथा गोबरदहा लघु सिंचाई परियोजना की नहरों की साफ-सफाई एवं सुधार कार्य के लिए तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि मऊगंज जिले में देवरी लघु सिंचाई परियोजना, नैया सिंचाई परियोजना, जुड़ा सिंचाई परियोजना, पतनारी सिंचाई परियोजना, बमरहा लघु सिंचाई परियोजना, अटारी लघु सिंचाई परियोजना, मऊगंज लघु सिंचाई परियोजना तथा रामसागर लघु सिंचाई परियोजना की नहरों में भी सुधार कार्य कराया जाएगा। बेलहा लघु सिंचाई परियोजना, छुहिया सिंचाई परियोजना, कनैहा सिंचाई परियोजना, पड़ार सिंचाई परियोजना, नंदनपुर लघु सिंचाई परियोजना, रकरी लघु सिंचाई परियोजना, कदुआवान लघु सिंचाई परियोजना, पिपरछता लघु सिंचाई परियोजना तथा लालगंज सिंचाई परियोजना के बांधों से घास एवं गाद हटाने का कार्य किया जाएगा। जल संवर्धन अभियान के तहत सभी सिंचाई बांधों और नहरों में सुधार कार्य, एप्रोच चैनल से गाद हटाने तथा घास एवं खरपतवार की साफ-सफाई कराई जाएगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ संशोधन बिल-2025 के बहुमत से पारित होने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वक्फ (संशोधन) बिल-2025' के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, इसी का परिणाम है कि वक्फ (संशोधन) बिल-2025 लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हुआ। यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। साथ ही इस बिल से गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। इस दिशा में यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं सहित संपूर्ण समाज को और अधिक सशक्त करेगा तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बिल निश्चित ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर वक्फ संपत्तियों में होने वाली वित्तीय गड़बड़ियों और अवैध कब्जों पर लगाम लगाकर राज्यों के वक्फ बोर्ड के राजस्व में वृद्धि करेगा। निश्चित रूप से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करता यह महत्वपूर्ण कदम नए, सशक्त और विकसित भारत की ओर एक नया मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में यह बिल बहुमत से पारित हुआ।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड श्योपुर (म0प्र0)

दूरभाष कमांक 07530—222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com
कमांक /लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2025 श्योपुर/दिनांक................
क्र - 635 // निविदा आमंत्रण सूचना // दि - 03-04-25

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई—निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम— श्योपुर जिले के विकासखण्ड कराहल के विभिन्न ग्रामों में पाईप लाईन, वाल्व, वाल्व चेम्बर, मोटरपंप आदि मरम्मत कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क. | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | स्मस अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2025—26 दि. 03.04.2025 | 2025_PHED_414245_1 | कराहल | 15.26 | 30520 | 2000 | 12 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक— 04.04.2025 समय 10.00 बजे से
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक— 09.04.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक— 11.04.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट— यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-11141/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0


# एसडीएम श्री माहौर ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**

**सबलगढ़।** जीवाजी यूनिवर्सिटी द्वारा बीए, बीएससी की परीक्षायें सबलगढ़ में आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए शासकीय नेहरू महाविद्यालय को परीक्षाकेंद्र बनाया गया है।शहर के अन्य निजी महाविद्यालय का भी परीक्षाकेंद्र यही महाविद्यालय है।एसडीएम श्री अरविंद माहौर ने शुक्रवार को उक्त परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।श्री माहौर ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण चल रही थीं।उन्होंने केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों की पहचान उनके आधारकार्ड से करने के उपरांत ही केंद्र में अंदर जाने की अनुमति दी जाए।



# मारपीट कर जातिय अपमान किया

**मुरैना,कांस।** जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसरौली में निवास करने वाली दलित महिला प्रेमादेवी पत्नी रामविलास खटीक विसम्भर के घर के पास थी कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी पंकज, श्रीमती सिया उर्फ गीता, श्रीमती बवली समस्त जाति सिकरवार ने दलित महिला की मारपीट करते हुए जाति अपमान किया। थाना पुलिस ने पीडित महिला की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफआपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# सडक हादसे में दो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में सडक हादसे में एक किशोर सहित दो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पहाडगढ भुरावली रोड पर सडक हादसे में विक्रम पुरा थाना पहाडगढ निवासी शैलेन्द्र पुत्र ज्वाला प्रसाद कुशवाह उम्र 27 तथा उसके साथ जा रहे नरसी कुशवाह पुत्र रामलखन उम्र 17 साल की मौत हो गई। थाना पुलिस ने दोनों की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# वक्फ संसोधन बिल केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम -- पं. भगवती पांडे

**सतना।** भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती पांडे ने भारत सरकार द्वारा पेश किए गए वक्फ संसोधन बिल को भारतीय लोकतंत्र का एक ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि सरकार ने इस बिल के माध्यम से उन करोड़ों गरीब मुस्लिम परिवारों के घरों को आबाद करने का काम किया है जिन पर आज तक किसी की नजर ही नहीं गई ! पं. भगवती पांडे ने वक्फ संसोधन बिल लोकसभा के बाद राज्यसभा में पास होने पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा की यह बिल किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने वाला नहीं बल्कि वक्फ बोर्ड को जबाबदेह एवं पारदर्शिता बढ़ाने वाला बिल है ! श्री पांडे ने कहा कि यह बिल करोड़ों मुस्लिम भाइयों के लिए एक नया सबेरा लेकर आने वाला है यही कारण है कि इस बिल का नाम ÷उम्मीद÷ रखा गया है ! भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती पांडे ने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद 60 सालों तक सत्ता में काबिज रहने के बाद भी कांग्रेस ने कभी भी मुस्लिम भाइयों के जीवन स्तर को उठाने का काम नहीं किया ! कांग्रेस ने उन्हें केवल वोट का हिस्सा माना और उन्हें लगातार गुमराह किया लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वक्फ संसोधन बिल लाकर दबे,कुचले,गरीब मुस्लिमों के लिए नई रोशनी देने का कार्य किया है !



# प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए करें पुख्ता तैयारियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम में प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का लिया जायजा



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट, मंदिरों के दर्शन स्थल, पूजा स्थान तथा सत्संग स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत, श्री आनंद शांति कुंज, श्री आनंद शांति भवन, श्री आनंद सरोवर एवं श्री आनंद शांति धाम पहुंचकर दर्शन किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री आनंदपुर धाम स्थित मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्री आनंद सरोवर के पवित्र जल में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने श्री आनंदपुर धाम की महिमा को गरिमामय बताते हुए कहा कि यहां पहुंचने पर सुखद अनुभूति होती है।

### बैसाखी पर लगेगा वार्षिक मेला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैसाखी पर लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले अनुयायियों एवं दर्शनार्थियों के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम श्री परमहंस अद्वैत मत का भक्ति परमार्थ का प्रमुख केन्द्र तथा एक महान तीर्थ स्थल एवं अथाह ज्ञान व आत्मिक विद्या का अतुलनीय भंडार है।

यहां पर श्री आनंद सरोवर की तरल छटा निराली है तथा परिधि में पूजा स्थलों का अनोखा संगम है। इस पवित्र स्थल पर आकर मन को शांति तथा आत्म ज्ञान को बल मिलता है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा एवं प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला, विधायक चंदेरी श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक मुंगावली श्री बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अशोकनगर श्री जजपाल सिंह जज्जी, श्री आलोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट के महात्मा, अनुयायी एवं पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी स्वयं को तपाकर जीवन में प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है : मंत्री श्री पटेल

## विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का किया वितरण



**भोपाल,ब्यूरो।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कैलेंडर सत्र के अनुसार स्कूल अब जुलाई के बजाय अप्रैल में खुलने लगे हैं। गर्मी का यह समय जरूर है लेकिन विद्यार्थी के लिए यही तप का समय है जो आपको जीवन में प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा।पहले के समय में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते थे, अब जो संसाधन स्कूलों में उपलब्ध है वह उस दौरान नहीं हुआ करते थे। समय के साथ बदलाव हुआ है। मंत्री श्री पटेल जिले के गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगाँव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौ. जुगल सिंह पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने ने विद्यार्थियों को निश्शुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि जो मन में सवाल हो वह पूछे। कक्षा 12 वीं की छात्रा सोनम बर्मन ने मंत्री श्री पटेल से उनके मंत्री पद तक के सफर के बारे में पूछा तो वहीं छात्रा निशा लोधी ने बोलने में आत्मविश्वास कैसे लाए यह प्रश्न किया। मंत्री श्री पटेल ने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर कॉलेज और इस दौरान राजनीति से उनके जुड़ाव को साझा किया। लीडरशिप केवल राजनीति में नहीं है, बल्कि नौकरी व व्यवसाय में भी होती है। अपने आपको बतौर लीडर तैयार करें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में 15 वर्ष से 30 वर्ष की उम्र में किया संघर्ष और परिश्रम जीवन पर्यंत मेहनत के फल के रूप में मिलता है। इसी उम्र में ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है। अपनी इस ऊर्जा का इस्तेमाल अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए करें। विद्यार्थी अपने अभिभावकों और गुरुजनों की बात मानें।

अगर आपको लगता है कि कुछ गलत है तो अपनी मर्यादा का ध्यान रखते हुए इसे बतायें। आप देश का भविष्य है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जीवन में कई उतार- चढ़ाव आते हैं, जो व्यक्ति को मजबूत करते हैं। ऐसे कठिन दौर में आपका संयमित होना जरूरी है। कक्षा 12 वीं की छात्रा निशा लोधी के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ऐसा कई बार होता है जब किसी सवाल का जवाब पता होने पर भी जवाब देने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। इसके लिए आपस में बात और वाद-विवाद में शामिल होना होगा। आप यह नहीं सोचे कि आपका उत्तर ग़लत हुआ तो क्या होगा। लगातार संवाद और प्रैक्टिस से बोलने का आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव में विद्यार्थियों से संवाद में मंत्री श्री पटेल ने बताया कि इसी स्कूल में उन्होंने अपनी शिक्षा अर्जित की। यह स्कूल भवन चंदे की राशि जुटाकर तैयार किया गया था। एक सफल जीवन जीने के लिए व्यक्ति को यह आत्मसात करना चाहिए कि उसने जो चीज़ें किसी से ली है। वह उसे वापस लौटा रहा है या नहीं। यह लौटाने का गुण हम में होना चाहिए।छात्रा मुस्कान सिलावट द्वारा कबड्डी खेलने की इच्छा जाहिर करने पर मंत्री श्री पटेल ने स्टेडियम ग्राउंड शाम को 6 बजे से 7 बजे तक बच्चियों के लिए रिज़र्व रखे जाने की बात कही। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल चलें हम पर आधारित रोचक नाटिका का मंचन भी किया गया। मंत्री श्री पटेल और अन्य अतिथियों ने छात्रा हर्षिता ठाकुर को जिला मैथ्स ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित

# रेल सेवा पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन



**झांसी।** रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट, झाँसी के प्रांगण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले कुल 50 रेल कर्मियों को रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती स्वेता सिन्हा के आगमन एवं पारंपरिक स्वागत से हुआ। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी ने मंडल रेल प्रबंधक महोदय को पौध भेंट कर स्वागत किया, साथ ही महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती स्वेता सिन्हा का भी पौध देकर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके बाद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया, जबकि मंच संचालन श्री अतुल अग्रवाल द्वारा किया गया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में समर्पित कर्मचारियों की सराहना की और उनकी सेवाओं को रेलवे की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान बताया। इसके बाद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। सर्वप्रथम महिमा व्यास द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, तत्पश्चात गणेश वंदना का आयोजन हुआ, जिसने समारोह में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण उत्पन्न किया। इसके साथ ही, वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं झाँसी से संबंधित एक सुंदर नाटक की प्रस्तुति भी की गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद, मुख्यालय प्रयागराज से रेनिंग शील्ड प्राप्त ब्रांच ऑफिसर्स का सामूहिक फोटो सेशन हुआ। अंत में, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री पी.पी. शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय श्री आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री विवेक नारायण, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/परिचालन श्री शिवम श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर श्री नितिन गुप्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत ट्रैक्शन (SR.DEE/TRD) श्री मयंक शांडिल्य, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश कंचन सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धार्मिक कार्यक्रमों से बढ़ती है एकजुटता व खुशहाली: राहुल

## श्रीमद भागवत कथाओं के आयोजन में शामिल हुए कृषि मंत्री के पुत्र




**मुरैना,कांस।** श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जीव का कल्याण संभव हो जाता है। भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है और खुशहाली बढ़ती है। यह बात मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के सुपुत्र राहुल सिंह कंषाना ने कही। वे शुक्रवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मृगपुरा पंचायत के मजरा लीलाधर का पुरा एवं एनएच-44 हाईवे किनारे सेल्सटैक्स बैरियर के नजदीक चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के आयोजनों में शामिल होने पहुंचें थे। ग्राम लीलाधर का पुरा में कथा व्यास पं. श्यामसुंदर शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जा रहा है। आयोजन में परीक्षत श्रीमती सत्यवती तहसीलदार सिंह परमार है। वहीं सेल्सटैक्स बैरियर के नजदीक हो रहे कथा के आयोजन में विख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज द्वारा श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। इस आयोजन में श्रीमती रामबाई-लेखराम सिंह परमार परीक्षत है। शुक्रवार को आयोजनों में शामिल होने पहुंचें कृषि मंत्री के सुपुत्र राहुल कंषाना ने कथा का श्रवण करने के बाद व्यासपीठ पर विराजमान कथाचार्यों से आर्शीवाद ग्रहण किया और क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामनाएं कीं। इस मौके पर उनके साथ बच्चू सिंह कंषाना खासखेड़ा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, बबलू सरपंच नहरावली, एपी बारा, भोलू गुर्जर आदि मौजूद थे।

# निगमायुक्त ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने जनकार्य विभाग के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, कार्यपालन यंत्री श्री अजय पाल सिंह जादौन, श्री श्रीकांत कांटे, श्री सुशील कटारे एवं सहायक यंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाल भवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान दक्षिण, ग्वालियर पूर्व, ग्वालियर एवं ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत किए जाने वाले सडक निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उक्त रोडों पर अन्य विभागों से जो भी कार्य होने हैं, वहां आपस में समन्वय कर अन्य विभागों से कार्य का पूर्णतः प्रमाण पत्र लें। इसके पश्चात समय सीमा में कार्य पूर्ण करायें तथा ऐसे कार्य जिनके वर्क ऑर्डर जारी हो चुके है, लेकिन उनके अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ उनके विलम्ब का कारण सहित जानकारी प्रस्तुत करें। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के मौलिक निधि के ऐसे प्रस्ताव जिसमें सक्षम स्वीकृति हो चुकी है। उनकी निविदा जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएल बैठक में वार्ड एवं विधानसभा वार निर्माण कार्यों की जानकारी विस्तार से प्रस्तुत करें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) का लिया साक्षात्कार



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) पद के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन एवं निगरानी में बीआरपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित होनी चाहिए ताकि ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि बीआरपी के लिए 57 व्यक्तियों ने आवेदन किया था, जिसमें जांचोपरांत 08 महिलाओं समेत 49 आवेदन पात्र पाए गए। जिले में 13 बीआरपी का चयन किया जाना है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों से सोशल ऑडिट, मनरेगा, ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं, मनरेगा जॉब कार्ड, पंचायतीराज का ढ़ांचा समेत अन्य सवाल किए गए। साक्षात्कार के दौरान एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, परियोजना निदेशक डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# सभी छात्रावासों में बनेगी नशा-मुक्ति समितियां

**भोपाल,ब्यूरो।** प्रदेश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जायेंगी, जो शैक्षणिक संस्थाओं में सक्रिय रहेंगी और छात्र-छात्राओं को नशा और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव श्रीमती वायंगणकर ने कहा कि भारत सरकार ने अगस्त 2020 से नशा-मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इसमें प्रदेश के सभी 55 जिलों को शामिल किया गया है।

## महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये पैसेंजर ट्रेन को मेमू ट्रेन (8-कार) में परिवर्तित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| मौजूदा गाड़ी सं. | परिवर्तित गाड़ी सं. | कहाँ से कहाँ तक | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 51887 | 64641 | ग्वालियर जं. से इटावा जं. | 09.04.2025 |
| 51888 | 64642* | इटावा जं. से ग्वालियर जं. | 09.04.2025 |
| 51889 | 64643 | ग्वालियर जं. से भिण्ड | 09.04.2025 |
| 51890 | 64644 | भिण्ड से ग्वालियर जं. | 09.04.2025 |
| 54162 | 64646 | कानपुर सेन्ट्रल से खजुराहो | 09.04.2025 |
| 54161 | 64645 | खजुराहो से कानपुर सेन्ट्रल | 10.04.2025 |

नोटः गाड़ी सं. 64642 के समय में संशोधन किया गया है, यह गाड़ी इटावा स्टेशन से 10:00 बजे के स्थान पर 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 612/25(MG)




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954